देशबन्धु

वर्ष – 34 I अंक – 228 I भोपाल, शुक्रवार 18 अगस्त 2023 I पृष्ठ–8 I मूल्य – 3.00 रुपए

भोपाल सहित कई शहरों में झमाझम बारिश की उम्मीद — पृष्ठ 3

- 2024 के चुनावों को लेकर बड़ी दुविधा में है कांग्रेस — पृष्ठ 4
- उठ रही है वृहदनागालिम की मांग

- अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते डंपर और ट्रैक्टर-ट्राली पकड़े — पृष्ठ 7

चिकित्सकों का कार्य सामान्य नौकरी या आजीविका से कहीं बड़ा है — पृष्ठ 8

सार-समाचार

विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था

पटना, एजेंसी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को दिल्ली से वापस पटना लौट गए। यहां लौटने के बाद उन्होंने कहा कि उनका दिल्ली में विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था।

नीतीश कुमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कुछ निजी कार्य से वे दिल्ली गए थे। उन्होंने कहा कि उनका विपक्षी नेताओं से मुलाकात का कोई कार्यक्रम था ही नहीं। बुधवार को नीतीश जब दिल्ली गये थे तब कहा गया था कि वे वहां अरविंद केजरीवाल के अलावा कांग्रेस नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद गुरुवार को नीतीश वापस पटना लौट गए। नीतीश कुमार ने बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि दी थी।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के बिहार की स्थिति पाकिस्तान से बदतर संबंधित बयान पर जब मुख्यमंत्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कहां आपराधिक घटना घट रही है। कितना कम है अपराध यहां। जरा फीगर देख लीजिये। बहुत कम है अपराध। उन्होंने कहा कि कोई बिना मतलब का बोलता रहता है, क्योंकि मीडिया में वही चलता है जो वो लोग बोलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी बातचीत विपक्षी नेताओं से होती रहती है। वे जब फोन करते हैं तो बात होती ही है। ऐसा थोड़े ही है कि कांग्रेस के नेताओं से बात नहीं होती।

कांग्रेस ने गठबंधन की रक्षा के लिए तमिलनाडु को छोड़ा पानी

बेंगलुरु, एजेंसी। पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर सिद्धारमैया सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि यह कर्नाटक के किसानों के हितों की कीमत पर इंडिया गठबंधन के लिए ऐसा किया गया है।

कुमारस्वामी ने सोशल मीडिया पर कहा, 'कांग्रेस ने मेकेदातु पदयात्रा का नाटक किया और कर्नाटक के लोगों को बेवकूफ बनाया। अब, पार्टी ने राज्य के हितों की बलि चढ़ाकर कर्नाटक और कन्नडिगा के किसानों के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात किया है और इंडिया गठबंधन की खातिर कावेरी नदी से पानी छोड़ा है ।' कुमारस्वामी ने तंज कसा, 'अपर्याप्त बारिश के कारण जलाशय नहीं भरे हैं। राज्य के किसानों की फसलों के लिए पानी नहीं है। बेंगलुरु शहर गंभीर पेयजल समस्या का सामना कर रहा है।

उमर अब्दुल्ला को अनुच्छेद 370 की बहाली की उम्मीद

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि हालांकि न्यायिक प्रक्रिया लंबी है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ अनुच्छेद 370 मुद्दे पर सुनवाई करेगी और इसे पुनर्स्थापित करेगी।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए लड़ने के लिए एनसी ने कुछ अन्य राजनीतिक दलों की तरह वकीलों को भी शामिल किया है क्योंकि एनसी की दलील है कि इसे निरस्त करना असंवैधानिक था। मीडिया से बात करते हुए उमर ने कहा, हम लड़ रहे हैं और हमें न्याय मिलने की उम्मीद है।

नीरज बवाना गैंग के 2 सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नीरज बवाना गैंग के दो प्रमुख सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

दोनों राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास दर्ज हत्या और मारपीट समेत कई आपराधिक मामलों में शामिल थे। गिरफ्तार सदस्यों की पहचान मोहित (29) और नितिन (28) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, मोहित सिंडिकेट के सबसे महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक है और गैंग को हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति करता रहा है।

101 महिला अधिवक्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश से लगाई गुहार

नफरती भाषण, वीडियो बंद करने का दें निर्देश

चिन्हित कर संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली उच्च न्यायालय महिला लॉयर्स फोरम ने नूंह हिंसा के बाद भय का माहौल पैदा कर रहे नफरती भाषण और वीडियो पर प्रतिबंध लगाने के लिए हरियाणा सरकार को निर्देश देने की उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ से गुहार लगाई है। महिला अधिवक्ताओं ने एक पत्र याचिका के माध्यम से हरियाणा सरकार को नफरत फैलाने वाले वीडियो को चिन्हित कर संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश देने की गुहार लगाई है। याचिका पर 101 महिला अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं, जिसमें उन वीडियो को चिन्हित करने और प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाई गई है। ऐसे वीडियो पर प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाई गई है जो कथित तौर पर किसी भी समुदाय, पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचाने या आर्थिक बहिष्कार का आग्रह करने की धमकी देते हैं।

याचिका में कहा गया है कि उन्होंने महिला, मां और न्यायालय के कामकाज से जुड़े होने के नाते हम सांप्रदायिक सद्भाव, कानून के शासन और जिम्मेदारी की भावना के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता महसूस करते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि हरियाणा के नूंह क्षेत्र में हुई हालिया घटनाओं के मद्देनजर सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाले भाषण और लक्षित हिंसा भड़काने वाले वीडियो सामने आने से गंभीर चिंता पैदा हो गई है, जो समाज में शांति और सद्भाव को बाधित कर रहे हैं।

महिला वकीलों ने अपनी पत्र याचिका में कहा, हम, दिल्ली और गुड़गांव में रहने वाले कानूनी समुदाय और दिल्ली उच्च न्यायालय महिला वकील फोरम के सदस्यों के रूप में इस पत्र याचिका के माध्यम से आपके संज्ञान में इस तथ्य को लाने के लिए आपके आधिपत्य से संपर्क किया है कि नफरत भरे भाषण वाले वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। याचिका में उच्चतम न्यायालय की ओर से बार-बार जारी किए गए निर्देशों का उल्लंघन करते हुए नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकने के लिए निर्देश देने की गुहार लगाई गई है।

मुख्य अंतरिक्ष यान से अलग हुआ विक्रम लैंडर

चंद्रयान-3 का अहम पड़ाव पूरा



चेन्नई, एजेंसी। चंद्रमा को फतह करने निकले चंद्रयान-3 ने गुरूवार को अपने मिशन का एक और बेहद अहम पड़ाव पार कर लिया जिसमें विक्रम लैंडर मॉड्यूल, प्रॉपल्शन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग होकर आगे की यात्रा पर रवाना हो गया है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधन संगठन (इसरो) के अनुसार अब लैंडर रोवर को लेकर आगे की यात्रा अकेले तय करेगा और इसके 23 अगस्त शाम को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर उतरने का कार्यक्रम है। इसके लिए सभी अभ्यास पूरे कर लिये गये हैं। इसरो के अनुसार इस चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने का मतलब है कि चंद्रयान 3 की सभी प्रणालियां सही तरीके से काम कर रही हैं। चंद्रयान 3 का

23 अगस्त शाम को चंद्रमा की सतह पर उतरेगा

प्रक्षेपण 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से किया गया था। चंद्रमा की सहत पर उतरने के बाद लैंडर से रोवर बाहर निकलेगा और मिशन के उद्देश्यों को पूरा करेगा। इस मिशन के सफल होने के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन जायेगा। अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही यह उपलब्धि हासिल की है। चंद्रयान 3 ने पिछले तीन हफ्तों में कई चरणों का पार कर चांद की अलग अलग कक्षाओं में प्रवेश करते हुए इस महत्वपूर्ण चरण को पूरा किया है।

शाह 20 को भोपाल आएंगे, प्रदेश सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे

भोपाल, देशबन्धु। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर 20 अगस्त को प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। वह राजधानी भोपाल में प्रदेश सरकार का 20 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। इसके साथ ही केन्द्रीय गृह मंत्री ग्वालियर में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को भी सम्बोधित करेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमित शाह के प्रदेश आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कमलनाथ सरकार के 15 माह को छोड़कर पिछले 20 वर्षों से भाजपा की सरकार ने विकास और गरीबों का जीवन बदलने का काम किया है। उन कामों पर केन्द्रित गरीब कल्याण रिपोर्ट कार्ड को गृह मंत्री श्री शाह भोपाल में जनता के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही श्री शाह विकास और गरीब कल्याण को लेकर प्रत्येक विधानसभा में पहुंचने वाले प्रचार रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि इसके बाद केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह ग्वालियर पहुंचेंगे और वृहद कार्यसमिति की चुनावी बैठक को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में होने वाली कार्यसमिति की बैठक को लेकर पार्टी की व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं।

भाजपा ने हारी हुई 39 सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

भोपाल उत्तर से आलोक, ध्रुवनारायण को मध्य से मैदान में उतारा

भोपाल, देशबन्धु। भाजपा ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित कर दी। प्रदेश में 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए इस साल के अंत में चुनाव होना है।

भाजपा ने जिन 39 सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किये हैं उनमें से 38 सीट पर वर्तमान में कांग्रेस तथा एक सीट पर बसपा का कब्जा है। पार्टी ने पूर्व मंत्री आरिफ अकील की सीट भोपाल उत्तर से पूर्व महापौर आलोक शर्मा, भोपाल मध्य से आरिफ मसूद की सीट भोपाल मध्य से ध्रुवनारायण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जबकि पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य को भिंड जिले की गोहद विधानसभा क्षेत्र से टिकिट दिया गया है। वहीं पूर्व मंत्री ललिता यादव को छतरपुर से मैदान में उतारा गया है।

भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव की अधिकृत घोषणा से काफी पहले अपने उम्मीदवारों की घोषणा से जाहिर होता है कि अपनी कमजोर सीट पर तैयारी के लिए भरपूर वक्त पार्टी और उम्मीदवारों को देना चाहती है। भाजपा द्वारा जारी पहली सूची में पांच महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। इनमें सरला विजेंद्र रावत (सबलगढ़ जिला मुरैना), प्रियंका मीणा (चाचौड़ा जिला गुना), ललिता यादव (छतरपुर), अंचल सोनकर (जबलपुर पूर्व), निर्मला भूरिया (पेटलावद जिला झाबुआ) शामिल हैं।

भाजपा ने कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह के अनुज वरिष्ठ विधायक लक्ष्मण सिंह की सीट चाचौड़ा से प्रियंका मीणा, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एनपी प्रजापति की सीट गोटेगांव से महेंद्र नागेश, विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष हिना कांवरे की सीट लांजी से राजकुमार कर्ाये, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे की सीट मुलताई से चंद्रशेखर देखमुख, इसी प्रकार पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की सीट सोनकच्छ से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नेहरू मेमोरियल का नाम बदलने पर बोले राहुल

नेहरू की पहचान नाम नहीं, कर्म से है

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने दिल्ली स्थित नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री मेमोरियल कर दिया। तीन दिन बाद गुरुवार को इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं। राहुल के इस बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे हैं, चाहें वे किसी भी पार्टी के हों। कांग्रेस पार्टी इसे बेकार में मुद्दा बना रही है। मुझे नहीं पता कि इसमें समस्या क्यों है। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले नई दिल्ली के तीन मूर्ति परिसर स्थित नेहरू मेमोरियल म्यूजियम का नाम बदलकर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया था। इसी साल 15 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर फैसला लिया गया था।

दो दिनी दौरे पर लद्दाख पहुंचे राहुल

लेह, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर लद्दाख पहुंचे। यहां पर लेह एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण के दौरान कहा था कि वह जल्द ही लेह का दौरा करेंगे। हालांकि, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस साल की शुरुआत में दो बार श्रीनगर और जम्मू का दौरा किया था, लेकिन वह लद्दाख नहीं गए थे।

हमने 70 साल तक लोकतंत्र बचाए रखा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब वह पूछते हैं कि कांग्रेस ने इस देश को क्या दिया तो इसका सीधा जवाब यही है कि कांग्रेस ने 70 साल से लोकतंत्र बचाए रखा इसलिए श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री बन पाए हैं। श्री खडगे ने गुरुवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रतिज्ञा उज्ज्वल भारत की' के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

कांग्रेस संगठन में किया गया फेरबदल

सुरजेवाला को बनाया गया मप्र का प्रभारी

- मुकुल वासनिक को दी गई गुजरात की जिम्मेदारी
- अजय राय उप्र कांग्रेस अध्यक्ष किए गए नियुक्त

नई दिल्ली, देशबन्धु। कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी संगठन में फेरबदल किया। पार्टी ने रणदीप सुरजेवाला को मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पर्यवेक्षक के बाद अब राज्य का ही प्रभारी महासचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया है, वहीं मुकुल वासनिक को गुजरात के प्रभारी महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा बृजलाल खाबरी की जगह अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव की जिम्मेदारी सुरजेवाला को वरिष्ठ नेता जेपी अग्रवाल की जगह दी गई तो वहीं वासनिक को राजस्थान कांग्रेस के नेता रघु शर्मा के इस्तीफे देने के बाद प्रभारी महासचिव बनाया गया है। गुजरात में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद रघु शर्मा ने प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया था। इस साल के आखिर में मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव है। ऐसे में सुरजेवाला को जिम्मेदारी देना काफी अहम माना जा रहा है। इसके अलावा अगले साल लोकसभा चुनाव है। गुजरात में भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर मानी जाती है। वहीं उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं। ऐसे में अजय राय की नियुक्ति भी काफी अहम है। उप्र की वाराणसी सीट से 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राय लड़ चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने 4 लाख 60 हजार विद्यार्थियों को सायकिल के लिए अंतरित किए 207 करोड़, कहा-

प्रदेश में सरकार नहीं परिवार चलाता हूं

- 81 करोड़ 12 लाख की लागत के सीएम राइज स्कूल का किया भूमिपूजन
- शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ कार्यक्रम
- अच्छी शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने का आधार है

बच्चों के लिए गुनगुनाया गीत

भोपाल, देशबन्धु। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'मैं मध्यप्रदेश में सरकार नहीं परिवार चलाता हूं।' हमारा सपना था कि प्रदेश के गरीब, निम्न मध्यम वर्गीय और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को भी देश-दुनिया के बेहतर स्कूलों जैसे स्कूल उपलब्ध हों। इनके बच्चों की योग्यता कम नहीं हैं, इन्हें अपने आस-पास ही अच्छी शिक्षा के अवसर मिले और वे अपने सपने साकार कर सकें, इस उद्देश्य से ही राज्य सरकार ने सीएम राइज स्कूल की परिकल्पना की और अब पूरे प्रदेश में इसका क्रियान्वयन जारी है। श्री चौहान ने आज भोपाल के भेल स्थित बरखेड़ा में 81 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीएम राइज़ शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का भूमि पूजन किया। इस स्कूल में 118 क्लासरूम, 15 लैब्स, 2 लायब्रेरी, 8 लेन एथलिट ट्रेक और ओलम्पिक साइज स्वीमिंग पूल होगा। उन्होंने इस दौरान 4 लाख 60 हजार विद्यार्थियों के खाते में साइकिल खरीदने के लिए 207 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित किए। सायकिल के लिए प्रति विद्यार्थी साढ़े 4 हजार रुपए जारी किए गए। इसके साथ ही विद्यार्थियों से बातचीत की, राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम से सभी जिलों के विद्यार्थी वर्चुअली जुड़े। श्री चौहान ने कहा कि अच्छी शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने का आधार है। हमारी सरकार बेहतर स्कूल उपलब्ध कराने के लिए आरंभ से ही प्रतिबद्ध रही है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में क्रमबद्ध रूप से प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शालाओं के भवन बनाए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्मित होने वाले सभी सीएम राइज स्कूल में स्मार्ट क्लास, लायब्रेरी, प्रयोगशाला, खेल मैदान, खेल सुविधाओं के साथ-साथ स्वीमिंग पूल की भी व्यवस्था होगी। श्री चौहान ने कहा कि जो विद्यार्थी मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईआईएम, लॉ की पढ़ाई की करना चाहते हैं और आगे अध्ययन के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में जाना चाहते हैं, उनकी फीस राज्य सरकार भरवाएगी। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि सीएम राइज स्कूल गरीब, निम्न मध्यम वर्गीय और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को सर्वसुविधायुक्त स्कूलों में पढ़ाई के अवसर प्रदान कर उनके सपनों को साकार करेंगे। कार्यक्रम में गोविंदपुरा विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ बच्चे मन के सच्चे, सारी जग के आंख के तारे, ये वो नन्हे फूल हैं जो, भगवान को लगते प्यारे गीत भी गुनगुनाया। उन्होंने 'आई लव यू' कहकर अपना स्नेह अभिव्यक्त करते हुए कहा कि मैं अपने भांजे-भांजियों के बीच सबसे अधिक प्रसन्न रहता हूं।

शहडोल में 23 को होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

शिवराज प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे स्कूटी

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगामी सप्ताह राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हो रहे लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम, लाड़ली बहना सम्मेलन और जनदर्शन के संबंध में कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान 21 अगस्त को भोपाल में शिक्षकों को नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। इसी दिन शिवपुरी जिले के पिछोर में महिला सम्मेलन होगा। साथ ही दतिया जिले में दतिया एयरपोर्ट के विस्तार के भूमि पूजन का कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान 22 अगस्त को दतिया जिले के सेवढ़ा में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे और शिवपुरी जिले के पोहरी में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहाको सामग्री का वितरण किया जाएगा। भोपाल में 22 अगस्त की शाम मुख्यमंत्री सीखो कमाओ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भोपाल में 21 को शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करेंगे 22 को सेवढ़ा में होगा महिला सम्मेलन

सार समाचार

बेटी को मायके से लेकर आ रहे पिता और चाचा को कार ने रौंदा

गुना, देशबन्धु। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर अपनी बेटी को मायके से लिवाकर ला रहे पिता और चाचा को फतेहगढ़ रोड पर तेज रफ्तार आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। जिसमें बाईक पर सवार दोनों भाई बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोन थानांतर्गत ग्राम बरोद निवासी दिनेश सिंह एवं उनके भाई राजू सिंह अपनी बेटी को मायके से लेने फतेहगढ़ पहुंचे थे। गत दिवस दोपहर में वह बेटी को लेकर आ रहे थे। इस दौरान एक बाईक पर दोनों भाई सवार थे जबकि पीछे बेटी और दामाद दूसरी बाईक से आ रहे थे। तभी सामने से तेज रफ्तार आ रही एक कार ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दिनेश एवं राजू बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोग एवं बेटी-दामाद द्वारा किसी तरह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां राजू की हालत गंभीर है। इधर एक दिन पूर्व ही अस्पताल का दौरा करने आएं कलेक्टर के दूसरे दिन ही अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई है। यहां राजू की गंभीर हालत होने के बावजूद एक ही पलंग पर दोनों घायलों को भर्ती कर दिया। जबकि राजू की स्थिति ट्रामा केयर सेंटर या आईसीयू में भर्ती लायक है।

राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा का गुना आगमन

गुना, देशबन्धु। आंतकवाद मुक्त भारत के लिए पिछले 32 वर्ष से निकाली जा रही राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा बीती शाम गुना पहुंची। स्थानीय राजीव गांधी कांग्रेस भवन में विश्राम के बाद आज सुबह यहां से शिवपुरी रवाना हुई। अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ 9 अगस्त से तामिलनाडु के श्रीपैरम्बुदूर से शुरू यह यात्रा नई दिल्ली में 20 अगस्त को राजीव गांधी के जन्मदिन पर उनके समाधि स्थल वीरभूमि पर संपन्न होगी। यह यात्रा 20 अगस्त को दिल्ली पहुंचेंगी। जहां कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे सहित सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी यात्रा की अगुवाई करेंगे। तमिलनाडू, कर्नाटक, महाराष्ट्र होते हुए यह यात्रा मध्यप्रदेश आई। यहां से यूपी, हरियाणा, होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा अध्यक्ष आर दोरई, अय्यर, गीता, शशिप्रभा, सुशीला, राल्फ सहित 60 सदस्यों के साथ वाहनों से चल रही है। यात्रा के यह यात्री मशाल लेकर चल रहे हैं जो हर जगह आतंकवाद मुक्त भारत के लिए अपील करते चल रहे हैं। गुना के बाद यह यात्रा आज दोपहर में शिवपुरी और इसके बाद रात में ग्वालियर पहुंचेंगी, यहां रात रुकने के बाद उप्र हरियाणा होते हुए 20 तारीख को यात्रा दिल्ली पहुंच जाएगी। गुना में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा यात्रा का भावभीना स्वागत किया गया।

सुबह स्वल्पाहार के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह, नूरूल हसन नूर, गोपाल शर्मा, वीरेंद्र सिंह सिसौदिया, राजेंद्र तिवारी, हर्ष मेर, नरेंद्र सोनवार, हरिओम खटीक, मुकेश रजक, खालिद बंटी, छोटू शिमला, अनुज रघुवंशी, लखन गिरी महाराज, रतिराम धाकड़, महेश धाकड़, रामकृष्ण धाकड़ द्वारा विदाई देने के बाद दोपहर में गुना से यह यात्रा आतंकवाद मुक्त भारत का संदेश देते हुए आगे के सफर के लिए रवाना हो गई।

धरनावदा पुलिस ने पकड़े 2 आरोपी

बीनागंज में दुकान में घुसकर लूटपाट करने वाले 3 आरोपी पकड़े, 3 फरार

गुना, देशबन्धु। चांचौड़ा अंतर्गत बीनागंज के भरे बाजार में सप्ताह भर में हुई लूट और डकैती के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों की पहचान कर 3 को धरदबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 अगस्त की शाम को बीनागंज में अमित पुत्र घनश्यामदास खंडेलवाल निवासी बीनागंज की कीटनाशक की दुकान पर नकाबपोश 4 अज्ञात बदमाशों द्वारा दुकान में तोडफ़ोड़ के साथ ही दुकान संचालक अमित खंडेलवाल के साथ मारपीट की गई। इस दौरान बदमाश दुकान में घुसे और हथियारों की नौंक पर गल्ला पेटी में रखे 60-70 हजार रुपए लूटकर भाग गए। बदमाश पेटी में रखे पैसों को अपनी पेंट और टीशर्ट में ठूंसते दिखे। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 394 भादवि इजाफा धारा 395 भादवि के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान लूट डकैती की इस वारदाते में कुल 6 आरोपियों का शामिल होना ज्ञात हुआ। जिसमें 4 आरोपी दुकान के अंदर घुसे थे और 2 आरोपी मोटरसाइकिल के पास खड़े होकर निगरानी कर रहे थे। पुलिस द्वारा उक्त सभी 6 आरोपियों की पहचान कर जिनकी तलाश में सघन दबिशें दी गई। गत दिवस पुलिस ने 3 आरोपियों के संबंध में मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस द्वारा दबिश देकर प्रदीप उर्फ प्रदया पुत्र बाबूलाल मीना निवासी बीनागंज, भूपेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र गनपत सिंह राजपूत निवासी ग्राम पटौंदीचक एवं रामकुमार पुत्र कचरूलाल मीना निवासी ग्राम छोटी कांदयाखेडी थाना चांचौडा को हिरासत में लिया। जिनसे घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि 9 अगस्त की शाम को वह अपने 3 और साथियों सहित दो मोटरसाइकिलों पर अमित खंडेलवाल की दुकान पर पहुंचे थे और लूट की घटना की गई थी। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से लूट के 6 हजार रुपये बरामद किए है।

इसी तरह धरनावदा पुलिस द्वारा महूगढ़ा फाटक के पास राहगीर मोटरसाइकिल सवार युवक के साथ मारपीट कर लूट करने वाले दो आरोपियों को दबोचा है। पुलिस ने लूटी गई बाईक, मोबाइल के अलावा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार को फरियादी दीपक पुत्र करन सिंह पाल निवासी ग्राम बमौरीताल थाना शाढ़ौरा जिला अशोकनगर द्वारा धरनावदा थाना पुलिस को रिपोर्ट करते हुए बताया था कि 9 जून की रात को वह अपने परिजनो व रिश्तेदारों सहित ग्राम गढा में अपनी समाज के देवस्थल पर भण्डारा करने आया था। उसके दो रिश्तेदारों को ट्रेन द्वारा जाना था जिन्हें वह गुना रेलवे स्टेशन छोडक़र रात को ही वापस गढ़ा गांव आर रहा था। तभी रास्ते में महूगढा रेलवे फाटक के पास एक मोटरसाइकिल पर दो नकाबपोश व्यक्ति मिले। जिनमें पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा उसके सिर में लोहे का एक पाईप मारा जिससे वह मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसके बाद उनके द्वारा एक और पाईप उसके पैर में मारा गया। फिर वह लोग उसका पर्स, मोबाइल और मोटरसाइकिल लूटकर वहां से भाग गए।

चांचौड़ा से भाजपा ने खेला प्रियंका पर दांव, पहली लिस्ट में जारी हुआ नाम

गुना, देशबन्धु। मप्र में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों में भाजपा ने बाजी मारते हुए पहली लिस्ट जारी की है। जिसमें गुना जिले की चार विधानसभा सीटों में से एक चांचौड़ा सीट पर प्रत्याशी का नाम घोषित किया है। इसमें प्रियंका मीना पैंची को उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा द्वारा चुनाव से करीब 100 दिन पहले पार्टी ने एमपी में उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने उन सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है, जहां पर 2018 में बीजेपी हार गई थी। इन्हीं 39 प्रत्याशियों की लिस्ट में प्रियंका मीना को चांचौड़ा से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह विधायक हैं। प्रियंका मीना ने हाल ही में भाजपा पार्टी ज्वॉइन की है। उल्लेखनीय है प्रियंका मीना ने 27 फरवरी 2023 को बीजेपी का दामन थामा था। प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बीजेपी ज्वॉइन कराई थी। बीजेपी का दामन थामने के बाद से ही प्रियंका क्षेत्र में खासी लोकप्रिय हो गईं। प्रियंका अपने नाम के पीछे ससुराल के गांव का नाम लिखती हैं प्रियंका पेंची। प्रियंका का मुकाबला दिग्विजय सिंह के छोटे भाई लक्ष्मण सिंह से होने की संभावना है। हालांकि अभी कांग्रेस की लिस्ट आना बाकी है। प्रियंका के पति प्रद्युमन सिंह मीना (इंडियन रिवेन्यू सर्विस) अधिकारी हैं, जो वर्तमान में दिल्ली में पदस्थ हैं। प्रियंका मीना की पढ़ाई लिखाई दिल्ली में हुई है। यहां इंजीनियरिंग की है।

प्रियंका मीना ने पंचायत चुनावों में वार्ड क्रमांक 18 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा था, लेकिन महज 200 वोट से चुनाव हार गई। प्रियंका को पूर्व बीजेपी विधायक ममता मीना ने चुनाव हराया था। चुनाव हारने के बाद भी लगातार विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहीं। ममता मीना एक बार बीजेपी की एमएलए रह चुकी हैं, जिन्हें 2018 में दिग्विजय सिंह के छोटे भाई लक्ष्मण सिंह ने विधानसभा चुनाव हराया। प्रियंका और ममता मीना ने राजनीति जंग भी क्षेत्र में जगजाहिर है।

देर रात राशन दुकान पर पहुंचे प्रभारी मंत्री, चखा नमक, देखा रिकॉर्ड

कलेक्ट्रेट में विभिन्न विभागों की समीक्षा

गुना, देशबन्धु। जिल के प्रभारी मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा बुधवार देर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में देर रात लाड़ली बहना योजना, विकास पर्व तथा नल जल योजना के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में विधायक गोपीलाल जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, सांसद प्रतिनिधि सचिन शर्मा सहित कलेक्टर तरूण राठी, जिपं सीईओ प्रथम कौशिक, एडीएम मुकेश शर्मा सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदाय किये जा रहे नमक की गुणवत्ता के संबंध में शिकायत प्राप्त हो रही है, इस संबंध में आज ही निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वहीं देर रात तक कृष्णानी कालोनी गुना में स्थित जवाहर सहकारी प्रा.उप.भंडार मर्यादित दुकान का निरीक्षण मंत्री श्री तोमर द्वारा किया गया तथा नमक की गुणवत्ता को परखा गया। उन्होंने मौके पर लैब में टेस्ट कराने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

वहीं समीक्षा बैठक के दौरान विकास पर्व, लाड़ली बहना योजना, जल जीवन मिशन एवं राजघाट समूह प्रदाय योजना से संबंधित विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक के दौरान लाड़ली बहना योजना से संबंधित डीबीटी 1256 का निराकरण इसी माह पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि नल जल योजना के अंतर्गत किये गये रेस्टोरेशन के कार्य की सूची प्रदाय की जावे। ऐसे कार्य जो विलंब से चल रहे हैं उनकी सूची प्रदाय की जाये।

60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

गुना, देशबन्धु। आरोन थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब बेचने की फिराक में खड़े आरोपी को 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोन-राघौगढ रोड पर कृषि विज्ञान अनुसंधान केन्द्र के पास स्थित पुलिया पर एक व्यक्ति प्लस्टिक की बड़ी-बड़ी दो केनों में अवैध शराब लेकर उसे बेचने जाने के लिये वाहन के इंतजार में खड़ा है। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस की एक टीम रवाना हुई। इस टीम द्वारा ही मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर देखा तो एक व्यक्ति अपने पास प्लास्टिक की दो कैने रखे हुए खडा हुआ दिखाई दिया। जिसने पुलिस को देखकर वहां से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा जिसे घेराबंदी कर पकड लिया गया। जिसने पूछताछ अपना नाम लक्ष्मन सहरिया पुत्र बाबूलाल सहरिया निवासी बरवटपुरा आरोन का होना बताया। जिसके पास मिली दो केनों में 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की।

3 बंदूकधारियों के लायसेंस हुए निरस्त

गुना, देशबन्धु। एसपी राकेश कुमार सगर के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर तरूण राठी द्वारा तीन लायसेंस बंदूकधारियों के लायसेंस निरस्त किए हैं। जिसमें मंगल सिंह गुर्जर पुत्र ओंकार लाल गुर्जर, बुंदेल सिंह पुत्र ओंकार लाल गुर्जर तथा गंल सिंह पुत्र भंवरलाल गुर्जर सभी निवासी ग्राम खातीवाडा थाना राघौगढ़ की शस्त्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

पुराना इंदौर-भोपाल राजमार्ग दूधिया रोशनी से दमक उठा

आष्टा, देशबन्धु। शहर अब दूधिया रोशनी से चमकने लगा है इसके लिए नगर पालिका द्वारा शहर के मुख्य मार्ग पुराना इंदौर-भोपाल पर लगे विद्युत पोलों एलईडी लाइट लगाने के साथ ही दूधिया रोशनी से जगमग हुआ है। इस कार्य का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षदगण कमलेश जैन, डॉ. सलीम, जाहिद गुड्डू, रवि शर्मा, अतीक कुरैशी, तेजपाल मुकाती, मेहमूद अंसारी, तेजसिंह राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सीएमओ राजेश सक्सेना, उपयंत्री आयूषी भावसार और नपा के विद्युत अमले का धन्यवाद दिया और कहा कि यह मार्ग नगर का मुख्य मार्ग है हर कभी अंधेरा रहता था, उच्च गुणवत्ता की एलईडी के लगने से अब अंधेरा तो मुक्त हुआ है, वहीं राहगीरों की राह भी आसान हुई है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि मस्जिद के समीप से लेकर दरगाह तक सभी विद्युत पोलों पर एलईडी लाईट लगाई गई है।

इस अवसर पर सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, आदित्य तलनीकर, मोहम्मद इसरार, रमेश यादव, सर्वेश भट्नागर, आशीष बैरागी, समर अली, अभिषेक कुशवाह, लाड़सिंह ठाकुर, राकेश आदि मौजूद थे।

दीवार तोड़ना उचित नहीं समझा दस्ते ने, बिना कार्यवाई लौटे वापस

सीएम हेल्पलाईन में शिकायत के बाद भी बिना कार्यवाही के लौटा

आष्टा, देशबन्धु। सीएम हेल्पलाईन पर इंदिरा कॉलोनी वार्ड 15 में नाली का पानी निकासी के संबंध में एक शिकायत एडव्होकेट लखन खंडारे ने प्रस्तुत की, जिसमें रेकवाल समाज द्वारा बनाए जा रहे मांगलिक भवन की दीवार को लेकर आपत्ति की थी। हेल्पलाईन की शिकायत कलेक्टर की सर्वोच्च प्राथमिकता में होने से सीएमओ राजेश सक्सेना ने दूरभाष पर ही अतिक्रमण प्रभारी अजय द्विवेदी को मौके पर जाकर आज ही निराकरण करने के निर्देश दिए थे। अतिक्रमण प्रभारी अजय द्विवेदी, पटवारी राकेश मालवीय, सफाई जमादार विनोद जेसीबी अमले सहित मौके पर निराकरण के लिए उपस्थित हुए। सामाजिक धार्मिक कार्य होने के कारण मौके पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट, बजरंग दल के राम वर्मा, कालू सोनी सहित रेकवाल समाज के सैकड़ों महिला-पुरूष एकत्रित थे। समस्या के निराकरण की दिशा में बातचीत करने के लिए पंचायत बैठी। रेकवाल समाज के लोगों ने बताया कि श्री खंडारे के एक घर का पानी घर के पीछे से नहीं निकालकर आगे से निकल जाए तो कोई समस्या नही है। पंचायती चर्चा में द्वेष भावना से सामाजिक कार्य में अड़ंगा लगाने तथा शिकायतकर्ता द्वारा स्वयं पट्टे की जगह से अधिक पर निर्माण करने की शिकायत भी की गई। अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य में एक घर के पानी की निकासी के लिए दीवार तोड़ी जाना अतिक्रमण प्रभारी अजय द्विवेदी ने उचित नहीं समझा। अतिक्रमण दस्ता वापस चला गया। इस अवसर पर रेकवाल समाज मंदिर समिति के मनोहर पचौरी, हेमराजसिंह रेकवाल, जितेन्द्र रेकवाल, ज्ञानसिंह रेकवाल आदि लोग मौजूद थे।

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में रोजगार पर वेबीनार

सीहोर, देशबन्धु। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में गत दिवस कौशल आधारित अधिगम एवं रोजगार विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार अंग्रेजी विभाग एवं आईक्यूएके द्वारा आयोजित किया गया। इस वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में ओ.एस.डी. उच्च शिक्षा विभाग मप्र की डॉ. दिवा मिश्रा, प्रो. डॉ विष्णु कुमार अग्रवाल मुरैना एवं तृतीय विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सत्य प्रकाश गुप्ता झांसी से उपस्थित हुए व अपने वक्तव्य से विषय पर प्रकाश डालते हुए ज्ञानवर्धन किया।

डॉ. दिवा मिश्रा ने म.प्र. शासन की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए व्यवसायिक पाठ्यक्रमों और रोजगार के अवसरों से अवगत कराया। डॉ. बी. के. अग्रवाल ने हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों को बताते हुए साहित्य की नई दिशा के बारे में जानकारी प्रदान की। वही डॉ. सत्य प्रकाश गुप्ता ने वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में कौशल आधारित अधिगमों पर प्रकाश डालते हुए स्टार्टअप के लिए सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया व कम लागत, अधिक मुनाफा वाले अवसरों से सभी को परिचित कराया।

द्वितीय चरण में अखिल भारतीय स्तर से प्राप्त विभिन्न शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया। छत्तीसगढ़ से सहायक प्राध्यापक भानु प्रताप नायक ने फूड साइंस विषय पर रोजगार व कौशल विकास संबंधी शोध का सारांश प्रस्तुत किया। मुरैना, बुरहानपुर एवं अन्य जिलों के शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए व संबंधित विषयों में नवाचार और रोजगार की संभावनाओं का उल्लेख किया। शोध पत्र प्रस्तुतीकरण डॉ. मंगला रायबोले डॉ. रचना मेहरा अल्का दुबे, डॉ कृष्णा मोरे एवं अल्का वार्ष्णेय ने किया। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग एवं संयोजक डॉ. जया शर्मा विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग ने किया। इस सत्र में राजनीति विज्ञान से अक्षय तिवारी ने संचालन किया।

विक्टोरिया महाविद्यालय और डीपीएसजी में स्वतंत्रता दिवस मनाया

सीहोर, देशबन्धु। विक्टोरिया महाविद्यालय और डीपीएसजी में स्वतंत्रता दिवस परम्परागत उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विक्टोरिया महाविद्यालय सीहोर एवं में स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

50 साल से वकालत करने वाले वकीलों का हुआ सम्मान

सीहोर, देशबन्धु। *16 अगस्त को जिला अभिभाषक संघ के एक गरिमामयी आयोजन में 50 साल से वकालत करने वाले वकीलों और संगठन का नेतृत्व करने वाले पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अमिताभ मिश्रा प्रधान न्यायधीश जिला एवं सत्र न्यायालय मौजूद थे। जबकि विशेष अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय और नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर मौजूद रहे।*

जिला अभिभाषक संघ सभागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अमिताभ मिश्रा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रविंद्र भारद्वाज, सचिव ब्रजेन्द्र सिंह, चंदेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया। संगीतिका विद्यालय के विद्यार्थियों ने देश प्रेम के गीतों की मधुर प्रस्तुति दी। अतिथियों ने 50 साल की वकालत करने वाले सर्व महेंद्र सिंह सिसोदिया, डी.डी. मित्तल, एनपी उपाध्याय सोनपाल दासवानी, हरि दयाल सक्सेना, जी.के. उपाध्याय, के.यू. कुरैशी के अलावा जिला अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे, महेश दयाल चौरसिया, रामनारायण ताम्रकार, मुकेश सक्सेना, शरद जोशी तथा अनिल दुबे का भी शाल श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर अभिनंदन किया।

जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रविंद्र भारद्वाज ने स्वागत संबोधन दिया। क्षेत्रीय विधायक श्री राय ने संबोधित कर आयोजन की प्रशंसा करते हुए न्यायालय परिसर में पक्षकार भवन के लिए 10 लाख रुपए की राशि अपनी निधि से देने की भी घोषणा की। नगरपालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, अधिवक्ता राजेश काशिव ने भी संबोधित किया। आयोजन में संगीतिका महाविद्यालय के प्रमुख मांगीलाल ठाकुर का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता रामनारायण ताम्रकार ने किया तथा आभार प्रदर्शन सचिव ब्रजेन्द्र चंदेल ने किया।

राजधानी

सार समाचार

महिला कलाकारों के लिए चारबैत कार्यशाला 26 से

भोपाल, देशबन्धु। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा विलुप्त होती हुई कला चार बैत को जीवित रखने के लिए एवं इस लोक कला को युवा पीढ़ी को हस्तांतरित करने के उद्देश्य से विशेषकर पहली बार महिला कलाकारों को प्रशिक्षित करने का कार्य किया गया था। उक्त प्रयास की सफ़लता एवं लोकप्रियता को देखते हुए उर्दू अकादमी द्वारा पुन: महिला कलाकारों का एक और नया बैच तैयार करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन अंश हैप्पीनेस सोसाइटी के सहयोग से 26 अगस्त से 10 सितम्बर तक किया जाएगा। इस 15 दिन की नि:शुल्क कार्यशाला में महिला कलाकार चारबैत के प्रख्यात उस्ताद से ये फ़न सीखेंगी।

जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीयन अब 25 तक

भोपाल, देशबन्धु। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय रातीबड में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 के ऑनलाईन आवेदन 17 अगस्त तक आमंत्रित किए गए थे। अब ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि अब 25 अगस्त कर दी गई है । आवेदक 25 अगस्त तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं । वे ही छात्र-छात्राऐं आवेदन के पात्र हैं जो शासकीय, अशासकीय, ईजीएस के कक्षा पाँचवीं में अध्ययनरत् हैं तथा जिनका जन्म एक मई 2012 से 31 जुलाई 2014 के मध्य हुआ हो । चयन परीक्षा 20 जनवरी 2024 शनिवार को आयोजित की जाएगी ।

सद्भावना दिवस आज, शपथ दिलाई जाएगी

भोपाल, देशबन्धु। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में 19 एवं 20 अगस्त को अवकाश होने के कारण सद्भावना दिवस 18 अगस्त को मनाया जाएगा । इस दिन जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में प्रात:11 बजे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने की प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। साथ ही हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाने की प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी।

एमसीएमसी टीम का हुआ प्रशिक्षण

भोपाल, देशबन्धु। राज्य निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों द्वारा मध्यप्रदेश के सभी जिलों के जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी टीम) को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा नोडल अधिकारियों को एमसीएमसी के गठन के बारे में अवगत कराया गया। प्रेजेंटेशन के माध्यम से फेक न्यूज, पेड न्यूज सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर भोपाल जिले से गठित एमसीएमसी कमेटी मेंबर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश सिंह चौहान, एसडीएम बैरागढ़ आदित्य जैन, सहायक संचालक जिला जनसम्पर्क एवं सदस्य सचिव एमसीएमसी अरूण शर्मा सहित सभी अधिकारी और सदस्यगण एनआईसी कक्ष में उपस्थित रहे।

भोपाल सहित कई शहरों में झमाझम बारिश की उम्मीद

भोपाल, देशबन्धु। अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय मौसमी सिस्टमों के असर से मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में आने लगी है। वहीं वर्तमान में बंगाल की खाड़ी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। इसके शुक्रवार को कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होकर आगे बढ़ने की संभावना है। इसके असर से भोपाल, जबलपुर, रीवा, सागर, शहडोल, उज्जैन, ग्वालियर संभाग के जिलों में झमाझम वर्षा होने की उम्मीद है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। वहीं पूर्वी-पश्चिमी द्रोणिका छत्तीसगढ़ के आसपास बनी हुई है, जबकि मानसून द्रोणिका उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल से होते हुए बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात तक बनी हुई है। इसके साथ ही पंजाब के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। अलग-अलग स्थानों पर बने इन मौसमी सिस्टमों के असर से शिथिल पड़ा मानसून एक बार सक्रिय हो गया है और शुक्रवार तक बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के कम दबाव के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। उसके प्रभाव से मानसून की गतिविधियों में तेजी आने के भी आसार हैं और भोपाल, जबलपुर, रीवा, सागर, शहडोल, उज्जैन, ग्वालियर संभाग के जिलों में तेज बौछारें पड़ने का सिलसिला शुरू होने की उम्मीद है। उधर पिछले 24 घंटों के दौरान दमोह में 21, जबलपुर में 19.4, सिवनी में 4.4, नर्मदापुरम में 2.4, टीकमगढ़, नौगांव में एक, उमरिया एवं उज्जैन में 0.6, इंदौर और धार में 0.5, भोपाल में 0.3 मिलीमीटर वर्षा हुई।

मतदान केंद्र में अनुपस्थित मिले 3 बीएलओ, कटेगा वेतन

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता सूची को आद्यतन करने केंद्रों को व्यवस्थित बनाने का काम किया जा रहा है।इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ का उपस्थित रहना जरूरी है। ताकी मतदाताओं को किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। लेकिन इसके बाद भी बीएलओ निर्देशों का पालन नहीं करते हुए मतदाता सूची के काम में लापरवाही बरत रहे हैं। इसके चलते कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह द्वारा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में वे गुरुवार को गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा क्षेत्रों के केंद्रों पर पहुंचे। जहां तीन बीएलओ अनुपस्थित मिले तो उनके एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

मतदान केंद्रों पर सूची आद्यतन जैसे नये मतदाताओं के नाम जोड़ने, पुराने मतदाताओं के फोटो, पता सहित अन्य जानकारी में सुधार करने संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों को बेहतर तरीके से कराने के लिए बीएलओ को जिम्मा सौंपा गया है, इनके कार्य को देखने के लिए हर दिन कलेक्टर आशीष सिंह केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर गुरुवार को हुजूर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र ओरियन इंटरनेशनल स्कूल के स्वामी विवेकानंद वाचनालय में पहुंचे। जहां पर उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नाम जोड़ने, हटाने, मतदाता पहचान पत्र में संशोधन आदि के प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। इसके बाद कलेक्टर ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के ओरियन स्कूल में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण भी किया। यहां पर तीन बीएलओ अनुपस्थित मिले। इस पर कलेक्टर ने उक्त बीएलओ को एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

घर -घर जाकर नाम जोड़ने के निर्देश

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि एक अक्टूबर 2023 को 18 साल के होने वाले युवा मतदाताओं के नाम प्राथमिकता से मतदाता सूची में जोड़ें।उनका पता कर घर-घर जाकर फार्म छह भरवाएं, जिससे वह आगामी विधानसभा में चुनाव देने से वंचित न रह जाएं। इतना ही नहीं युवा, महिला मतदाताओं के साथ ही 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का भौतिक सत्यापन भी किया जाए।

युवक ने फांसी लगाकर जान दी, पत्नी से होता था विवाद

भोपाल, देशबन्धु। बागसेवनिया थाना इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस को मृतक के पास से कोई पत्र नहीं मिला है। लेकिन शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि उसका अपनी पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था। दोनों ही ओर से थाने में शिकायत की जाती थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बागसेवनिया पुलिस के मुताबिक अमराई परिसर में रहने वाला 34 वर्षीय सूरज सिंह अपने पिता के साथ निजी काम करता था। उसने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कमरा अंदर से बंद था, इस कारण परिजनों को यह पता नहीं चल पाया कि उसने यह कदम कब उठाया। लेकिन बाद में दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा खोलने की कोशिश की,लेकिन नाकाम रही। इस परं पुलिस ने दरवाजा तोड़ दिया और अंदर जाकर देखा तो सूरज का शव फांसी पर लटका हुआ था। पुलिस ने उसके शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस मामले के जांच अधिकारी एएसआइ भागीरथ राय ने बताया कि मृतक के पास से कोइ पत्र नहीं मिला है। लेकिन शुरुआती जांच में पति और पत्नी में विवाद की बात सामने आ रही है। सूरज अपनी पत्नी की शिकायत करने थाने आता था, जबकि उसकी पत्नी भी उसकी शिकायत करती थी। दोनों में ऐसा ही विवाद था। फिलहाल परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार है।

युवती को होटल में बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

भोपाल, देशबन्धु। कमला नगर इलाके में एक 28 वर्षीय युवती को होटल में बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को घुमाने के बहाने बुलाकर घटना की। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

कमला नगर थाना पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय युवती जहांगीराबाद इलाके में रहती है। उसके घर से कुछ दूरी पर दानिश कुरैशी नाम का युवक भी रहता है। वर्ष 2015 में दोनों के बीच पहचान हुई थी। यह पहचान जल्द ही दोस्ती में तब्दील हो गई। दानिश 5 मई 2023 को घुमाने के बहाने युवती को नेहरू नगर इलाके के एक होटल में ले गया। यहां पर उसने युवती के साथ बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। युवती ने इसका विरोध किया तो दानिश ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। वहीं युवती ने ज्यादती की बात जब अपने परिजनों को बताने की बात कही तो दानिश ने उसे जल्द ही शादी करने का झांसा दे दिया। युवती जब उसके झांसे में आ गई तो दानिश ने उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। लेकिन युवती जब भी शादी करने की बात कहती तो वह कोई न कोई बहाना बनाकर बात को टाल देता था। पिछले दिनों जब युवती ने शादी करने का दबाव डाला तो दानिश ने शादी करने से मना कर दिया तो युवती ने थाने आकर पूरे घटनाक्रम की शिकायत की। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

बेटी के दूसरे जन्मदिन पर हजारों लोगों को मुफ्त में पानी पुरी खिलाई

भोपाल, देशबन्धु। शहर के कोलार बंजारी क्षेत्र मुख्यमार्ग का नजारा गुरुवार को कुछ बदला से दिखा। चूंकि यहां एक तरफ टेंट में सुंदर कांड चल रहा था और महिलाएं भजन गा रही थीं तो दूसरी ओर लोग कतार में लग कर आधा दर्जन अलग-अलग स्टाल पर पानी पुरी खा रहे थे। मौका था कोलार बंजारी में पानी पुरी की गुमठी लगाने वाले अंचल गुप्ता की बेटी अनोखी के दूसरे जन्म दिन का। बेटी के जन्मदिन की खुशी में इस वर्ष अंचल गुप्ता ने आने-जाने वाले हजारों लोगों को मुफ्त में पानी पुरी खिलाई।

इस आयोजन में हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने पानी पुरी का स्वाद लिया। बच्चों को अपने हाथों से पानी पुरी खिलाई। साथ ही बेटी बचाने का संदेश देने वाले इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर अचंल गुप्ता ने बताया कि 21 हजार लोगों के लिए पांच दिन पहले से पानी पुरी बनानी शुरू कर दी थीं। वहीं आलू व पानी पुरी का पानी बनाने के लिए जरूरी मसाले भी पहले से खरीद लिए थे। इसमें कितना खर्चा आया। यह नहीं बता सकता है। चूकि बेटी के जन्मदिन की खुशी मनाई है, इसमें खर्चा क्या देखना। लेकिन इसके पीछे सिर्फ और सिर्फ लोगों को संदेश देना है कि बेटियों को बोझ न समझें, बेटियां होने पर खुशी मनाएं, उन्हें पढ़ाएं और आगे बढ़ाएं। उल्लेखनीय है कि पानी पुरी बेच कर हर माह 18 से 20 हजार रुपये महीने के कमाने वाले अंचल ने बीते वर्ष अपनी बेटी अनोखी के पहले जन्मदिन की खुशी में एक लाख लोगों को पानी पुरी खिलाई थीं। इससे वे सुर्खियों में आ गए थे।

यंग वारियर, रोहतास, एचएनएफसी और प्रिडेटर टीमें अगले दौर में

भोपाल, देशबन्धु। पिपलानी स्थित पुरुषोत्तम गौर तरण पुष्कर स्थित टर्फ पर आयोजित इंडिपेंडेंट डे फुटसाल कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रह है। इसमें यंग वारियर, रोहतास एफसी, एचएनएफसी और प्रिडेटर एफसी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश कयिा।

प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में यंग वारियर ने टाइटन एफसी को आसानी से 5-1 से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में रोहतास एफसी ने क्रिमसन लायंस एफसी पर 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। दिन के तीसरे मुकाबले में एचएनएफसी ने बोल्ट एफसी को आसानी से 5-0 से परास्त किया। जबकि आखिरी मुकाबले में प्रिडेटर एफसी ने एक्रोबेट फुटबाल अकादमी को रोमांचक तरीके से 2-0 से शिकस्त दे दी। अकादमी के राहिल खान, अक्षत मिंज, अयान खान, अफ्फान खान और मेहुल धाकड़ ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर यंग वारियर-एचएनएफसी और प्रिडेटर एफसी-रोहतास एफसी के बीच सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इससे पहले प्रतियोतिगता का शुभारंभ पुरुषोत्तम गौर तरण पुष्कर के संचालक डा. संतोष कटियार ने किया। इस अवसर पर एक्रोबेट फुटबाल अकादमी संचालक प्रतीक कटियार, कोच नवांश कुमार, तरण पुष्कर के प्रबंधक एवं आयोजन सचिव ब्रजभान सिंह धाकड़ उपस्थित रहे।

ननि आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

भोपाल, देशबन्धु। नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जोन क्र. 15 के विभिन्न क्षेत्रों, मार्गों की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही भारत नगर में महर्षि पतंजलि योग केन्द्र के पास स्थित सामुदायिक जनसुविधा केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त श्री प्रैंक नोबल ए. ने गुरूवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जोन क्र. 15 के रायसेन रोड, जे.के.रोड, निजामुद्दीन कालोनी, इंद्रपुरी आदि क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गों का साफ-सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निगम आयुक्त ने भारत नगर में महर्षि पतंजलि योग केन्द्र के पास स्थित सामुदायिक जनसुविधा केन्द्र का भी निरीक्षण किया और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। श्री नोबल ने सामुदायिक जनसुविधा केन्द्र की संधारण पंजी का भी अवलोकन किया। निगम आयुक्त ने सामुदायिक जनसुविधा केन्द्र में लगे क्यूआर कोड को अपडेट कराने, बाहर रखे गमलों को बदलने के निर्देश दिए। श्री नोबल ने सामुदायिक जनसुविधा केन्द्र की व्यवस्थाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया।

यातायात संबंधी बैठक संपन्न

भोपाल, देशबन्धु। कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में भोपाल जिले के यातायात संबंधी बैठक गुरुवार को कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जिनमे बोट क्लब एरिया में नो-पार्किंग बोर्ड, फ्लोटिंग एवं फिक्स पार्किंग करना, एमपी नगर क्षेत्र में पार्किंग,10 नम्बर पार्किंग नो पार्किंग बोर्ड-वन साईडेड बोर्ड, 500 नये स्टापर की आवश्यकता, रोड साईन बोर्ड,ब्लैक स्पॉट्स, लाल बस स्टॉप, रोड मार्किंग,जेब्रा क्रॉसिंग, 3 क्रेन की अतिरिक्त आवश्यकता है,चार ईमली तिराहे (पैट्रोल पंप के पास) सांकेतिक चिन्ह,सड़को पर गड्ढे (अल्पना, ज्योति टॉकीज, लालघाटी), रविवार को हमीदिया रोड पर दुकानों के संबंध में,एयरपोर्ट रोड पर फ्लाई ऑवर के पास आदित्य ऐवेन्यू के पास सांकेतिक चिन्ह लगाने प्रमुख बिंदु रहे। इनके साथ बैठक में शहर के यातायात संबंधी अन्य प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई।

In The Court Of II Civill Judge Class-I, District Court, Satna
Presiding Officer:
कु. वंदना मालवीय
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अनार्गत प्रकाशन हेतु)
(EX A /0000002/2020)
आर्य समाज सतना ...वादी
Vs
दशरथ सिंह (मृत) द्वारा वारिसान (अ) रमेश सिंह...प्रतिवादी
Process Id-/ 2023
पेशी दि.:-20/09/2023

प्रेषिती-
(1) श्रीमती शशि सिंह स्व. दशरथ सिंह पता- जवाहर नगर भोपाल जरिये रमेश सिंह तनय स्व. दशरथ मुख्त्यारगंज सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना (2) श्रीमती किरन सिंह स्व. दशरथ सिंह पता- कम्फोर्ट गार्डन चूना भट्टी भोपाल म.प्र. व मुख्त्यारगंज तह. रघुराजनगर थाना सिटी कोतवाली जिला सतना म.प्र. जरिये रमेश सिंह तनय स्व. दशरथ मुख्त्यारगंज सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना

यह कि प्रार्थी आर्य समाज सतना ने आपके विरूद्ध इजराय प के लिये वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 16 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - तलवाना अनुसार प्रकाशन समन जारी हो।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(वंदना मालवीय)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
सतना (म.प्र.)

इंडिया ओपन एयर वेपन व ओपन शाटगन चैंपियनशिप: मप्र के निशानेबाजों ने जीते 11 पदक

भोपाल, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के निशानेबाजों ने इंडिया ओपन एयर वेपन व ओपन शाटगन चैंपियनशिप में मप्र शूटगि अकादमी के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन कर पांच स्वर्ण, चार रजत व दो कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीते। नैंसी सोलंकी ने दो स्वर्ण पदक जीते। खेल विभाग और भारतीय राइफल महासंघ के सहयोग से गोरागांव स्थित शूटिंग रेंज में मप्र के युवाओं ने जोरदार खेल का प्रदर्शन किया। 10 एयर पिस्टल पुरुष वर्ग टीम इवेंट में गुजरात की टीम ने बाजी मारी और स्वर्ण पदक पर अधिकार जमाया। मप्र के सूरज शर्मा, युगप्रताप सिंह राठौड ने रजत पदक जीता। 10 मीटर एयर पिस्टल महिला वर्ग में नैंसी सोलंकी ने राजस्थान की कमला कुमारी ने नैंसी सोलंकी ने राजस्थान की कमला कुमारी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग में गुजरात के भरत शेखावत ने स्वर्ण पदक जीता, मप्र के यशराज यादव ने रजत व अक्षत तांबे ने कांस्य पदक जीता। 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष जूनियर टीम इवेंट में मप्र के यशराज यादव, अक्षय तांबे व हरिओम चावडा ने स्वर्ण पदक जीता। मप्र के ही युगप्रताप, चिराग पटले व सिदध कुमार ने कांस्य पदक जीता। 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर महिला में नैंसी सोलंकी ने गुजरात की तिषाा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर महिला टीम इवेंट में मप्र की नैंसी सोलंकी, अंकिता प्रसाद व हर्षिता चौकसे ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 10 मीटर एयर पिस्टल सब यूथ बालक वर्ग में मप्र के सूरज ने रजत पदक जीता। वहीं राजस्थान के आर्यन ने स्वर्ण पदक जीता। शाटगन ट्रेप महिला वर्ग में मप्र अकादमी की महिमा विश्वकर्मा ने स्वर्णपदक जीताा।

बांस और लौकी से तैयार होता है मणिपुर का रूसेम वाद्य यंत्र

भोपाल, देशबन्धु। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में सप्ताह के प्रादर्श के अंतर्गत गुरुवार को मणिपुर की कोम जनजाति का एक पारंपरिक पवन वाद्य यंत्र रूसेम का प्रदर्शन किया गया। संग्रहालय द्वारा इस 2008 में संकलित किया गया है।

संग्रहालय के निदेशक डा. भुवन विक्रम ने बताया कि रुसेम मणिपुर की कोम जनजाति द्वारा उपयोग किए जाने वाला बांस और सूखी लौकी से निर्मित एक वाद्य यंत्र है। यह पारंपरिक सुषिर वाद्य एक सूखी हुई लौकी पर दो अलग-अलग स्थानों पर लगाए गए छह ट्यूनिंग नलिकाओं और फूंकने वाली एक नलिका से निर्मित है। ऐसी मान्यता है कि इस वाद्ययंत्र की ध्वनि सुरक्षा और समृद्धि के लिए देवताओं का आह्वान है, और इसका उपयोग केवल औपचारिक और मोरंजनात्मक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है। इसका उपयोग अंतिम संस्कार समारोहों में नहीं किया जाता है। कलाकार द्वारा वाद्ययंत्र की नलिका में फूंकते हुए उंगलियों से छिद्रों को नियंत्रित करते हुए विभिन्न सुर उत्पन्न किए जाते हैं। कक्ष में वायु को अंदर लेने और छोड़ने के क्रम में जब हवा नलिका से होकर गुजरती है तो कंपन करती है, जिससे वांछित ध्वनि उत्पन्न होती है। वाद्ययंत्र, कक्ष और नलिका का आकार-प्रकार सभी इसके द्वारा उत्पन्न ध्वनि में योगदान करते हैं।

डा. विक्रम ने बताया कि कोम लोग रूसेम को मानव संसार के सर्जक दैवीय माता - पिता के मिलन के रूप में देखते हैं। जिसमे सूखी लौकी को दैवीय मां के गर्भ के रूप में दर्शाया गया है, जबकि फूंकने और आवाज निकालने वाली नलिका दैवीय पिता का प्रतिनिधित्व करती है। रूसेम की ध्वनि ब्रह्माण्ड के सृजन संबंधी विश्वास के महत्व को बताती है। इसका उपयोग नृत्यों की संगत के रूप में किया जाता है। कलाकार द्वारा बजाई गई धुनें नृत्य की सुंदरता को निखारती हैं। सुर और ताल प्रदर्शन में ऊर्जा और उत्साह की अभिवृद्धि करते हैं। यह खुशी और उत्सव का वातावरण निर्मित करने में सहायक होती है।

न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक 1352 /अ-6/2023-24
ग्राम का नाम - ई-5/65

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदक धर्मेन्द्र मीना पिता स्व. दुर्गा प्रसाद मीना द्वारा ग्राम पिपलिया केशो प.ह.नं. .....स्थित खसरा क्रमांक 61, 270/2, 271/1, 309/2 रकवा 2.05 हे. का पंजीकृत फौती नामातरण के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इस्तहार के जारी होने के दिनांक से दिनांक 23.08.2023 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुंत करें, समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 16.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीयन मुद्रां से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील कोलार, जिला-भोपाल

भोपाल, शुक्रवार 18 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

नारी सम्मान की न्यायिक शब्दावली

न्यायिक प्रक्रिया के दौरान नारी का सम्मान बनाये रखने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने नई शब्दावली दी है। अनेक ऐसे शब्द जो नारी की गरिमा को गिराने वाले होते हैं, उसकी बजाय शीर्ष अदालत ने सम्मानजनक शब्द दिये हैं। एक हैंडबुक के जरिये सर्वोच्च अदालत ने जो शब्द इस्तेमाल में लेने के लिये कहा है, आशा है कि अब कचहरी पहुंचने वाली महिलाओं को न्याय पाने के लिये अपनी प्रतिष्ठा के साथ समझौता नहीं करना होगा। शादी, तलाक, लिव इन रिलेशनशिप, यौन उत्पीड़न, प्रताड़ना, सम्पत्ति, विवाद होने पर बच्चों की कस्टडी आदि कई तरह के मुकदमों की सुनवाई के दौरान महिला पक्षकारों का बेहद अपमानजनक भाषावली से सामना होता है जिसके कारण उसके लिये न्याय को भूलकर अपनी प्रतिष्ठा को बचाना प्राथमिकता बन जाता है। पुरुष प्रधान समाज द्वारा रचित महिलाओं की आबरू को तार-तार करने वाले कई शब्द, वाक्य और मुहावरे समाज में खूब प्रचलित हैं। महिलाओं को संबोधित करने वाले ऐसे रुढ़िवादी शब्दों को अदालत की शब्दावली से हटाकर सुप्रीम कोर्ट ने जो नये शब्द दिये हैं, उम्मीद की जानी चाहिये कि वे कचहरी की जिरह और दस्तावेज़ों में ही सीमित न रहकर पूरे समाज में इस्तेमाल होंगे ताकि औरतों को कोर्ट ही नहीं वरन पूरे समाज में अपमानित हुए बिना संबोधित होने का मौका मिले।

हमारे यहां महिलाओं के स्थान के बारे में चाहे जितनी महिमा गाई जाये, सच्चाई यही है कि भारतीय समाज औरतों को वह सम्मान नहीं देता जिसकी आधी आबादी हकदार है। बहुत से देशों का भी यह हाल हो सकता है। यह किसी एक धर्म या वर्ग से जुड़ी महिलाओं की भी बात नहीं है। थोड़े से अंश को छोड़ दिया जाये तो ज्यादातर महिलाएं देश में लैंगिक असमानता का शिकार हैं। फिर वे चाहें निम्न वर्ग की हों या मध्य वर्ग अथवा उच्च वर्ग की। शिक्षा ने कुछ फर्क ज़रूर डाला है पर असलियत यही है कि ज्यादातर महिलाएं अपने वाजिब अधिकारों की तरह ही सम्मान से काफी दूर हैं। पहले पिता या भाई के नियंत्रण में रहती स्त्रियां बाद में पति और अंतत: बुढ़ापे में पति के साथ रहते हुए या विधवा के रूप में पुत्रों पर आश्रित जीवन जीती हैं। उनकी भौतिक ज़रूरतों को लेकर होने वाली दुश्वारियां तो अपनी जगह पर हैं, घर हो या बाहर, वे आजीवन ज़िल्लत भरा जीवन जीती हैं। उन्हें जिन शब्दों से संबोधित किया जाता है वह अक्सर अपमानजनक होता है। घरों के बाहर भी महिलाओं को लेकर कोई बहुत अच्छी भाषा का उपयोग नहीं होता।

जो महिलाएं समाज में प्रचलित भाषा को चुपचाप सुन लेती हैं वे अच्छी मानी जाती हैं क्योंकि यह मानकर ही चला जाता है कि उनका जीवन इसी के लिये बना हुआ है या उनके प्रति ऐसे वाक्यों या शब्दों का प्रयोग गैरवाजिब नहीं है। फिर, यदि औरत न्याय की दहलीज तक पहुंचने वाली हो तो, पुरुष का अहम अधिक आहत होता है। ऐसी औरतों के लिये कटुतर व ज्यादा अपमानजनक शब्द प्रयोग में लाये जाते हैं। ये शब्द लोक व्यवहार से चलकर कानूनी प्रक्रिया में दाखिल हो गये हैं। रुढ़िवादी भाषा महिला को उसके हक की लड़ाई में कमजोर कर देती है। औरतों को अपमानित करने वाला कानूनी दांव-पेंच शब्दों तक सीमित न रहकर महिला के विचारों और पोशाकों तक पहुंच जाता है। बलात्कार से पीड़ित महिला को इंसाफ पाने या दिलाने के लिये 'दामिनी' मूवी की तरह उस पीड़ादायी घटना का सिलसिलेवार वर्णन करना होता है जो बलात्कार से कहीं अधिक दर्दनाक होता है; या फिर 'पिंक' फिल्म की भांति महिला पक्षकार को नाइट पार्टी का आदी साबित कर चरित्रहीन बतलाया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने भारत को सभ्य समाज बनने के रास्ते पर एक और कदम चलाया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तैयार की गई एक हैंडबुक बुधवार को जारी की। इसका उद्देश्य महिलाओं के लिये प्रयोग में लाये जाने वाले शब्दों पर रोक लगाना है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे जजों और वकीलों को लैंगिक रुढ़िवादी शब्दों के इस्तेमाल से बचने में सहायता मिल सकेगी। हैंडबुक में दिये गये शब्द अब से अदालतों में जिरह करने के दौरान और उनके फैसलों में उपयोग में लाये जायेंगे। अनेक ऐसे शब्दों को वर्जित कर महिलाओं के लिये सम्मानजनक जो शब्द इस हैंडबुक में बतलाये गये हैं, उनमें कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं- अब तक प्रचलित प्रास्टिट्यूट, हूकर या रंडी के स्थान पर 'सेक्स वर्कर', अडल्ट्रेस या अफेयर (व्यभिचारिणी) की बजाय 'शादी से इतर संबंध' तथा हाउस वाइफ के बदले 'होममेकर' शब्द का इस्तेमाल होगा। ऐसे ही, कैरियर वूमन, इंडियन या वेस्टर्न वूमन, पवित्र महिला, स्लट या फूहड़ के स्थान पर केवल 'महिला' शब्द का प्रयोग होगा। बिन ब्याही मां को 'मां' तथा कीप या मिस्ट्रेस को 'गैर मर्द से संबंध' कहना होगा। बाल वेश्या को 'ऐसी बच्ची जिसकी तस्करी की गई', जन्म से लड़का-लड़की के स्थान पर 'जन्म के समय निर्दिष्ट लड़का या लड़की', स्त्रैण (जब अपमान के उद्देश्य से इस्तेमाल में लाया गया हो) के बदले लिंग तटस्थ शब्द जैसे 'आत्मविश्वासी' या 'जिम्मेदार' लफ़्ज़ों का प्रयोग होगा। भड़काऊ कपड़े केवल 'कपड़े' कहे जायेंगे और ये महिला की इच्छा के द्योतक नहीं होंगे। उनकी ना का अर्थ ना ही होगा।

आशा है कि महिलाओं को जो सम्मान शीर्ष अदालत दिलाना चाहता है वह सिर्फ मुकदमों की जिरह, सुनवाई और फैसलों में ही सीमित न रहे। कोर्ट परिसरों के बाहर भी समाज औरतों को वास्तविक सम्मान देगा ताकि हम लैंगिक समानता से युक्त समाज रच सकें। कोर्ट द्वारा दिखाया गया नारी सम्मान का रास्ता आम लोगों को कुछ तो सिखायेगा!

2024 के चुनावों को लेकर बड़ी दुविधा में है कांग्रेस

■ हरिहर स्वरूप

पिछले एक वर्ष से राहुल गांधी स्वयं के और अपनी पार्टी कांग्रेस के राजनीतिक पुनरुत्थान का प्रयास कर रहे हैं। इस दिशा में सबसे पहला उल्लेखनीय कार्यक्रम था भारत जोड़ो यात्रा, जिसके पांच महीने के वॉकथॉन के दौरान उन्हें एक साहसी सेनानी की भूमिका निभाते हुए देखा गया। उसके बाद के पांच महीने उन्होंने संसद के बाहर बिताए, जिस दौरान उन्हें राजनीतिक शहीद की भूमिका निभाने का मौका मिला। राहुल गांधी की लोकसभा से अयोग्यता पर रोक लगाने वाले सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से शायद उनकी शहीदी परेड पर रोक लग गई हो। फिर भी, यह निर्णय कांग्रेस के अन्यायपूर्ण दंड के दावे को भी पुष्ट करता है।

इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या से लेकर सोनिया गांधी के त्याग तक, स्पष्ट विचारधारा के अभाव के बावजूद गांधी परिवार की शहादत के आख्यान ने कांग्रेस को एक आवश्यक गोंद प्रदान किया है जिससे कांग्रेस के नेता चिपके रहे हैं।

जो भी हो, 'रीब्रांडिंग राहुल' की यह विशेष पुनरावृत्ति पिछले संस्करण की तुलना में अधिक फलदायी रही है। इसने न केवल कांग्रेस बल्कि बड़े विपक्षी गठबंधन में भी गांधी की केंद्रीय भूमिका को मजबूत करने में मदद की है। कई कांग्रेस समर्थकों का मानना है कि अब तरोताजा गांधी के लिए तीसरा और अंतिम कदम उठाने का मंच तैयार हो गया है, और वह है प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के प्राथमिक चुनौतीकर्ता की भूमिका।

लेकिन इस सवाल पर कांग्रेस अभी भी खुद को मुश्किल में फंसा हुआ पाती है। इसकी 2024 की रणनीति दो परस्पर विरोधी लक्ष्यों से बनी है: व्यापक विपक्षी एकता की उपलब्धि और पूर्व में 'कांग्रेस की राजनीतिक जगह' की पुन: प्राप्ति।

कांग्रेस को अहसास है कि राष्ट्रीय एजेंडे पर जनमत संग्रह के रूप में राष्ट्रपति शैली की 'राहुल बनाम मोदी' प्रतियोगिता, उसके लिए अनुकूल रूप से काम नहीं कर सकती है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में कुल 186 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा की सीधी लड़ाई थी जिसमें से कांग्रेस 171 सीटें हार गई थी। इनमें से अधिकतर सीटें उत्तरी और मध्य भारत में हैं जहां मोदी और गांधी के बीच लोकप्रियता का अंतर अभी भी बहुत बड़ा है।

> **कांग्रेस को अहसास है कि राष्ट्रीय एजेंडे पर जनमत संग्रह के रूप में राष्ट्रपति शैली की 'राहुल बनाम मोदी' प्रतियोगिता, उसके लिए अनुकूल रूप से काम नहीं कर सकती है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में कुल 186 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा की सीधी लड़ाई थी जिसमें से कांग्रेस 171 सीटें हार गई थी। इनमें से अधिकतर सीटें उत्तरी और मध्य भारत में हैं जहां मोदी और गांधी के बीच लोकप्रियता का अंतर अभी भी बहुत बड़ा है।**

उदाहरण स्वरूप मध्य प्रदेश में हाल ही में हुए सी-वोटर सर्वेक्षण से पता चला है कि 57 फीसदी लोगों ने पीएम के लिए अपनी पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में मोदी पर भरोसा जारी रखा है, जबकि इससे कहीं बहुत कम 18फीसदी लोग राहुल के पक्ष में हैं। ऐसी स्थिति ही कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों दोनों को एक राष्ट्रीय चुनाव को राज्य स्तरीय चुनावों की श्रृंखला में बदलते हुए एक शक्तिशाली सत्ताधारी के खिलाफ साझा मंच बनाने की ओर धकेलता है।

यह बहुत संभव है कि कांग्रेस द्वारा गांधी को अपने प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में पेश करने का कोई भी कठोर प्रयास भारत गठबंधन द्वारा शुरू की गई व्यापक विपक्षी एकता के लक्ष्य को, कम से कम, इसके वर्तमान विन्यास में विफल कर देगा। अयोग्यता ने न केवल विपक्षी दलों के बीच एक साझा खतरे की धारणा को बढ़ावा दिया, बल्कि इसने पीएम उम्मीदवार के जटिल मुद्दे को भी आसानी से खत्म कर दिया था, जिससे साथी पीएम पद के दावेदारों अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी और नीतीश कुमार का प्रवेश संभव हो गया था। इस प्रकार, गांधी के संसदीय कॅरियर का स्वागत भारत गठबंधन से जुड़े नाजुक राजनीतिक समीकरणों को जटिल बनाता है।

अपने गठबंधन सहयोगियों की चिंताओं को दूर करने का एक सीधा तरीका राहुल गांधी को विवाद से बाहर करना होगा। फिर भी, प्रधानमंत्री कार्यालय का ऐसा त्याग कांग्रेस की रणनीति के दूसरे लक्ष्य-'कांग्रेस स्पेस' की पुन:प्राप्ति- के लिए हानिकारक हो सकता है।

कांग्रेस स्पेस से हमारा क्या तात्पर्य है? सीधे शब्दों में कहें तो, यदि आप समग्र रूप से भारतीय राजनीतिक स्थान लेते हैं, और हिंदू राष्ट्रवाद, मंडल राजनीति और विशिष्ट उप-राष्ट्रवाद को हटा देते हैं, तो उदारवादी केंद्र-वाम राजनीति का शेष स्थान कांग्रेस स्थान कहा जा सकता है।

पिछले तीन दशकों में कांग्रेस सिकुड़ गई है क्योंकि उसने कई पार्टियों के हाथों अपनी जगह खो दी है। इसमें से कुछ को पुन: प्राप्त करने के लिए कांग्रेस गांधी परिवार की बढ़ती राष्ट्रीय प्रासंगिकता को साधन बनाने की कोशिश कर रही है।

कोई यह तर्क दे सकता है कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में पेश करने से पार्टी को कुछ राज्यों में मदद मिल सकती है जहां उसे इस क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी दावेदारों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री पद के लिए प्रमुख दावेदार के रूप में गांधी पर जोर देने से पंजाब, दिल्ली और तेलंगाना में त्रिकोणीय लड़ाई में कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ सकता है।

द्विध्रुवीय राज्य केरल में, पार्टी पिछले संसदीय चुनावों में वामपंथियों की हार को दोहराने के लिए काफी हद तक गांधी पर निर्भर है। उनके चारों ओर राष्ट्रीय नेतृत्व की आभा संभावित रूप से यूपी और बंगाल जैसे राज्यों में आंशिक रूप से मुसलमानों और दलितों के बीच पारंपरिक रूप से कांग्रेस के आधार की लामबंदी पर प्रभाव डाल सकती है।

ध्यान रहे कि 2009 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में आश्चर्यजनक रूप से 21 लोक सभा सीटें जीती थीं, जो आंशिक रूप से गांधी की स्पष्ट नेतृत्व भूमिका के कारण थी, जिसे एक तरह से 'प्रतीक्षारत पीएम' के रूप में प्रस्तुत किया गया था।

उठ रही है वृहदनागालिम की मांग

■ आशीष विश्वास

हाल ही में नागा आदिवासियों ने भारत सरकार और पूर्वोत्तर राज्यों को याद दिलाया था कि मणिपुर की समस्याओं का कोई अंतिम समाधान 'वृहदनागालिम' की मांग को संबोधित किये बिना संभव नहीं होगा, जिस पर कोई उल्लेखनीय सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं हुई है।

अधिकांश पूर्वोत्तर-आधारित पर्यवेक्षकों ने कहा कि चूंकि मणिपुर में रहने वाले नागाओं को हमेशा ही गैर-आदिवासी बहुसंख्यक मैतेई लोगों की तरह राज्य का 'मूलनिवासी' माना जाता है, इसलिए यह केवल समय की बात है कि वे अपना रुख स्पष्ट करें क्योंकि एक ताजा जातीय संघर्ष छिड़ गया है, जिसमें इस बार कुकी शामिल हैं।

हिंसा के वर्तमान दौर में सीधे तौर पर शामिल नहीं होने के बावजूद, ज्यादातर ईसाई होने के कारण नागा लोग मणिपुर में व्याप्त स्थिति के कुछ पहलुओं से परेशान थे। कुछ चर्चों और अन्य पूजा स्थलों को जला दिया गया, जिससे समुदाय चिंतित हो गया। नागालैंड मीडिया ने घटनाओं का विस्तृत ब्यौरा दिया और प्रमुख नागा संगठनों ने चर्चों में आग लगाने की निंदा की।

> **अधिकांश पूर्वोत्तर-आधारित पर्यवेक्षकों ने कहा कि चूंकि मणिपुर में रहने वाले नागाओं को हमेशा ही गैर-आदिवासी बहुसंख्यक मैतेई लोगों की तरह राज्य का 'मूलनिवासी' माना जाता है, इसलिए यह केवल समय की बात है कि वे अपना रुख स्पष्ट करें क्योंकि एक ताजा जातीय संघर्ष छिड़ गया है, जिसमें इस बार कुकी शामिल हैं।**

हाल के सप्ताहों में, कुछ पर्यवेक्षकों के अनुसार, कुकी जनजाति और नागाओं के बीच कुछ हद तक सहमति बनती दिख रही है। वृहदनागालैंड की लंबे समय से चली आ रही मांग पर तत्काल सरकारी निर्णय के लिए नागाओं की नवीनीकृत अपील को अब कुकियों ने समर्थन दिया है। यह इस साल 3 मई को भड़की हिंसा के शुरुआती चरण के दौरान कुछ नागा संगठनों द्वारा अपनाये गये पहले के रुख से बदलाव का संकेत देता है।

जैसे-जैसे जातीय हिंसा नियंत्रण से बाहर होती गई, कुकी समुदाय की ओर से मणिपुर के भीतर एक अलग क्षेत्र की जोरदार मांग उठी, जो मैतेई और भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित (भाजपा) राज्य प्रशासन के एक वर्ग द्वारा लक्षित महसूस कर रहा था। ऐसा राज्य विधानसभा में कुकी नेताओं की अच्छी-खासी संख्या के बावजूद है, जो भाजपा के टिकट पर चुने गये थे।

इन नेताओं ने मणिपुर प्रशासन से बेहतर सुरक्षा की मांग करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और अन्य से मिलने के लिए दिल्ली का दौरा किया। उन्होंने कुकी और अन्य आदिवासियों के लिए एक नये क्षेत्र के लिए भी दबाव डाला।

पड़ोसी राज्य मिजोरम में, जहां कई डरे हुए कुकी परिवार सशस्त्र हमलावरों से भाग गये थे, नई कुकी मातृभूमि के आह्वान ने नई गति पकड़ ली। कोई और नहीं बल्कि मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा, जिन्होंने मुश्किल में फंसे बेघर प्रवासियों को आश्रय प्रदान करके कुकी का दिल जीत लिया, ने सार्वजनिक रूप से मणिपुर को तीन अलग-अलग क्षेत्रों में विभाजित करने के प्रस्ताव का समर्थन किया। इतना बड़ा बदलाव करने का तर्क मैतेई और कुकी, जो, हमार, चिन और नागा जैसी विभिन्न जनजातियों के बीच भविष्य में जातीय शांति और सद्भाव सुनिश्चित करना था।

आश्चर्य की बात नहीं, भारत सरकार और भाजपा नेता बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली मणिपुर राज्य सरकार दोनों ने इस विचार को तुरंत खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री श्री सिंह को पद छोड़ने की मांग भी खारिज कर दी गई। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद कुकी नेताओं के साथ और विभिन्न मंचों पर अपनी बैठकों में प्रस्तावित बदलावों को खारिज कर यिा।

यही वह समय था जब मणिपुर मीडिया के कुछ हिस्सों ने इस मामले पर कुछ नागा नेताओं के विचारों को प्रसारित किया। उन्होंने तर्क दिया कि केवल गैर आदिवासी मैतेई और नागा ही मणिपुर के मूल और सबसे पुराने निवासी थे। जहां तक कुकियों का सवाल है, ऐतिहासिक संदर्भों से पता चलता है कि वे उन्नीसवीं सदी के मध्य या उसके आसपास बर्मा से आये थे। किसी भी अन्य चीज़ से अधिक, यह संदेश पूर्वोत्तर क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में सभी सक्रिय हितधारकों के लिए एक सौम्य अनुस्मारक था, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि किसी भी शीर्ष स्तर के निर्णय लेने की प्रक्रिया में कुकियों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

जब विभिन्न जातियों द्वारा क्षेत्रीय या अन्य दावों से संबंधित मुद्दों को निपटाने की बात आती थी, तो वे मैतेई लोगों की तरह ही अपनी राजनीतिक स्थिति पर जोर देने के लिए उत्सुक थे। जटिल पूर्वोत्तर राजनीतिक परिदृश्य में यह हमेशा एक अति संवेदनशील मुद्दा रहा है।

वृहदनागालैंड मुद्दे पर नागाओं को समर्थन कुकी और हमार से मिला। नागा संगठनों ने अपनी लंबे समय से लंबित मांग पर केंद्र से तत्काल कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के लिए 9 अगस्त को मणिपुर के चार जिलों- चंदेल, तामेंगलांग, उखरुल और सेनापति - में सार्वजनिक रैलियां आयोजित कीं, जहां संख्या के लिहाज से उनकी उपस्थिति महत्वपूर्ण है। भारत के प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन में, उन्होंने 3 अगस्त, 2015 को समुदाय के नेताओं और भारत सरकार के बीच हुए रूपरेखा समझौते के प्रावधानों का उल्लेख किया।

कुकी समुदाय की ओर से, कुकीइनपी मणिपुर (केआईएम) और हमार के लिए हमारइनपुई ने रैलियों के प्रायोजक यूनाईटेड नागा काउंसिल (यूएनसी) के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। बाद के एक बयान में, कुकी नेताओं ने क्षेत्र में विभिन्न जनजातियों द्वारा समय-समय पर उठाई जाने वाली आम शिकायतों पर जोर दिया, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र में भेदभाव, मौलिक और संवैधानिक अधिकारों की हानि और नीति निर्माताओं, प्रशासकों और प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा आदिवासी हितों की उपेक्षा का आरोप लगाया गया। रिकॉर्ड के लिए, मणिपुर में 3 मई से शुरू हुई जातीय हिंसा में अब तक कम से कम 160 लोग मारे गये हैं। 700 से अधिक लोग घायल हुए और अनुमानित 10,000 लोग विस्थापित हुए क्योंकि भीड़ की हिंसा के कारण सैकड़ों घर, कार्यालय और दुकानें जल गईं।

पावन प्रसंग

परिवर्तन से नए अवसर की उत्पत्ति

जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है।

जब जब मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है,और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आया है। इस अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस-आई हैव ए ड्रीम की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था-'यस वी कैन' ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था। जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलत: परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का स्वयं इस बात का साक्ष्य है कि परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई जाए तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था और उसी समय जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था।

संजीव कुमार

आपके पत्र

एक जिज्ञासा सभी से

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी भवनों पर रोशनी की गई परंतु निजी व्यावसायिक भवनों, दुकानों और आवासों पर अंधेरा छाया रहा। क्या आजादी का उत्सव केवल सरकार के लिए है? क्यों आम नागरिक, विशेषकर दुकानदार अपनी दुकानों पर और निजी व्यापारिक कार्यालयों के संचालक एवं अधिकारी अपने कार्यालय भवनों पर दीपावली की तरह स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर रोशनी नहीं करते? एक जिज्ञासा।

- एल. एस. हरदेनिया
पत्रकार एवं संयोजक राष्ट्रीय सेक्युलर मंच

हिमाचल में सदी की सबसे बड़ी त्रासदी, कुदरत का रौद्ररूप

हिमाचल प्रदेश में कुदरत ने कहर ढाया है जिसकी क्षति की पूर्ति करना शायद इसलिए संभव नहीं है कि भवनों, रेलवे लाइन और मन्दिर की क्षतिपूर्ति करना कठिन तो है,फिर भी मुमकिन है, लेकिन लोगों की मौत की क्षतिपूर्ति मनुष्य के हाथ में नहीं है। हर एक व्यक्ति कुदरत के रौद्ररूप से लाचार है। शिमला पर पहाड़ गिरने से मलबे में दबे लोगों की मौत हुई है। महीने भर में बारिश में करीब दो सौ लोग मारे गए हैं। मन्दिर के गर्भगृह में दबे लोगों के लिए बचाव के कार्य युद्ध स्तर से किये गए हैं,लेकिन अभी तक कोई जीवित शायद ही निकल पाए। यह कुदरत की मार है जिसके चलते करीब तीन सौ पर्यटकों के फंसने का अनुमान था। पहाड़ बारिश का कहर नहीं झेल पा रही है। सुखविंदर सुक्खू के लिए मेन्टेन्स करना मुश्किल होता जा रहा है। दस हजार करोड़ का नुकसान सदी की बड़ी त्रासदी बताया गया। उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा के मार्ग टूटे हैं तो मन्दिर जाने वाले रूट की रेल पटरी हवा में झूलती नजर आई थी। नीचे से पहाड़ खिसक गया। शिमला और समारहिल पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर पहाड़ दरकने से मलबे की ढेर में समा गया था और मन्दिर के मलबे को करीब एक किमी दूर ले गया है। भूस्खलन की चपेट में आ गया है। तेज बारिश के कारण पहाड़ की गलन बढ़ गई है जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने हालात का जायजा लिया और यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया है। भारी भरकम नुकसान ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। लोगों की जान जाने से स्थिति दयनीय बन गई है। चट्टानों की दरारों से पानी रिसने के कारण नुकसान बढ़ता जा रहा है। देश में शिमला की त्रासदी बहुत ज्यादा है। 12 सौ सड़कें बन्द हैं। 120 साल पुराना ट्रेक बारिश के कारण दहक गया है। इस आफत से बचने के लिए लोगों की हर तरह की मदद दी जा रही है। सरकार की मदद किसी भी हालत से मिलनी चाहिए। जो लोग बेघर हुए हैं उनके पुनर्वास की जवाबदेही सरकार की है, लेकिन अभी उनके खाने-पीने और रहने की व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता पर ध्यान देना आवश्यक है। कालका-शिमला ट्रेक पर रेल पटरी हवा में झूलती जा रही है। इस लाइन के रिनोवेशन और फिर से ट्रेन सुचारू रूप से चालू करने करना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी है।

कांतिलाल मांडोत, सूरत

बेतवा- पार्वती अंचल

सार-समाचार

शासकीय आइटीआई रायसेन में प्लेसमेंट ड्राइव आज

रायसेन, देशबन्धु। शासकीय आइटीआई में 18 अगस्त को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस ड्राइव में आइटीआई पास ऐसे युवक जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष आयु के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी द्वारा प्राप्त विवरण अनुसार चयनित होने पर मानदेय दिया जाएगा। इसके लिए आज जिला स्तरीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन शासकीय आइटीआई में किया जा रहा है। प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई पास उम्मीदवार अपने समस्त मूल दस्तावेजों एवं उनकी छायाप्रति के साथ सुबह 09.30 बजे उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं।

योग गुरू कादरी को मिला सम्मान

गंजबासौदा, देशबन्धु। योग के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान देने के लिऐ प्रसिद्ध योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधायक लीना जैन जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी नगर पालिका अध्यक्ष शशिश यादव एवं एसडीएम विजय राय द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। गया इसी प्रकार नगर पालिका मे सासंद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव वरिष्ठ नेता मनोज यादव भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष समीर किरमानी ने पुष्प मालाऔ एवं तिलक लगाकर कादरी का सम्मान किया मालूम होकि कादरी नगर के विभिन्न स्कूलों में बच्चों को योग की शिक्षा देकर प्रशिक्षित कर रहे हैं साथ ही नगर में शिविर के आयोजन कर लोगों को योग के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं इसके अलावा संस्कृत के प्रचार प्रसार में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कृषि उपज मंडी में एसडीएम भारसाधक अधिकारी ने किया झंडा वंदन

भेरुन्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु। कृषि उपज मंडी समिति में सुबह 7.30 एसडीएम भारसाधक अधिकारी एम.एस. रघुवंशी द्वारा झंडा वंदन किया गया। उसके बाद सभी कर्मचारियों को एसडीएम श्री रघुवंशी द्वारा स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी गई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शामिल रहे कृषि उपज मंडी समिति के सचिव अतुल कुमार राठौर मंडी इस्पेक्टर उमेद सिंह धुर्वे एवं कृषि उपज मंडी के सभी अधिकारी कर्मचारी हम्माल तुलावटिये व सभी व्यापारी मुख्य रूप से शामिल रहे।

2 दिन से लापता व्यक्ति की कुएं में मिली पत्थर से बंधी लाश, हत्या की आशंका

▶ गैरतगंज तहसील के पेनगवां गांव की घटना

गैरतगंज, देशबन्धु। तहसील के पेनगवां गांव में अपने घर से समीप के खेत में सब्जी लेने गए दो दिन से लापता एक व्यक्ति की खेत के पास बने कुएं में संदिग्ध हालत में पत्थर से बंधी लाश बरामद हुई है। तफ्तीश में करंट से मौत के बाद कुएं में लाश फेंके जाने की आशंका जताई गई है। पुलिस पड़ताल में लगी हुई है।

जानकारी के मुताबिक पेनगवां गांव में बीते दो दिन पहले 40 वर्षीय व्यक्ति भारतसिंह पिता हरिराम यादव पास के ही खेत में सब्जी तोड़ने निकला था तथा वहां से वापिस घर नहीं लौटा। तलाश के बाद भारतसिंह का पता न चलने पर उसकी पत्नी रुक्मणि ने गुरुवार को इसकी सूचना पुलिस में दर्ज कराई। इस बीच ग्रामीणों को नजदीक के उंसरमेंटा गांव के पास ही खेत से लगे कुएं में भारतसिंह की पत्थर से बंधी लाश होने की जानकारी लगी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर लाश को बाहर निकलवाया।

पुलिस तफ्तीश एवं शार्ट पीएम रिपोर्ट में पता चला है कि खेत में सब्जी लेने गए भारतसिंह की मौत खेत में फैले बिजली के करंट लगने से हुई है, वहीं बाद में उसे पत्थर से बांधकर कुएं में फेंका गया है।

मौके पर लाश को खींचने एवं खून के खेत में निशान भी मिले हैं। पुलिस ने बताया कि जिस खेत में मृतक का जूता, खून एवं घसीटने के निशान मिले है वह पेनगवां के रहने वाले रणधीर सिंह यादव का है। खेत से बिजली के तार भी बरामद हुए हैं तथा करंट वाले स्थान से कुएं तक घसीटने के साफ साफ निशान दिखाई दे रहे हैं। जिस कुएं में लाश मिली है वह उंसरमेंटा निवासी राजाराम लोधी का है। मौके पर मौजूद मृतक के भतीजे राजेश यादव ने आरोप लगाया है कि रणधीर सिंह यादव द्वारा खेत मे फसल के चारों ओर करंट फैलाया था उसी से उनके चाचा भारत को करंट लगा। करंट का निशान मृतक के पैर में पाया गया है तथा बाद में अपनी गलती छुपाने बेरहमी से लाश को खींचकर कुएं में पत्थर बांधकर डाल दिया गया। पुलिस थाना प्रभारी महेश टांडेकर ने बताया कि पूरा मामला संदिग्ध है तथा हत्या किए जाने की आशंका है। फिलहाल शव की विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार है। पुलिस खेत के मालिक रणधीर सिंह से पूछताछ कर रही है।

क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नगर आगमन हुआ

गंजबासौदा, देशबन्धु। क्षत्रिय करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा गंज बासौदा पहुचे जहां राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने उनका पचमा वायपास पर स्वागत किया इसके बाद काफिले के रूप में कई वाहनो के साथ महाराणा प्रताप चोक पहुंचे जहां महारणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तिरंगा चोक पर बैठक का आयोजन किया गया। महाराणा प्रताप एवं स्व.कालवी साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया समाज जनों के सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत, प्रदेशाध्यक्ष इंदल सिंह राणा ने कहा सभी को 27 अगस्त को भोपाल में होने वाले विशाल कार्यक्रम में पहुंच कर समाज की एकता का परिचय दैना है उन्होंने भोपाल में होंने बाले आयोजन का न्यौता दिया। साथ ही अपनी 19 मांगों के विषय में बताया जो सरकार के समक्ष रखी गई है। उन्ही मांगो को लेकर एक विशाल जनसभा भोपाल में रखी गई है। इस मौके पर रूप सिंह चौहान, किशोर सिंह, गोविंद सिंह राजपूत, श्री राजपूत करणी सेना के ठाकुर राहुल प्रताप सिंह राजपूत, सुरेन्द्र सिंह राजपूत,जीतेन्द्र सिंह तोमर ,शैलेन्द्र सिंह राजपूत शक्ति सिंह ,शिवम सिंह, विक्रम सिंह राजपूत सहित काफी संख्या में राजपूत समाज के लोग उपस्थित रहे।

भेरूंदा तहसील के पटवारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु। भेरुन्दा तहसील के पटवारियों का उत्कृष्ट कार्य एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करने पर उनको स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीहोर जिला मुख्यालय पुलिस लाइन स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम स्थल पर हरदीप सिंह डंक मंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शामिल रहे सीहोर विधायक सुदेश राय सीहोर जिला कलेक्टर प्रवीण सिंह एसपी मयंक अवस्थी।

सम्मानित होने वाले पटवारियों में मुख्य रूप से राजेश कुमार धनवारे हल्का नंबर 56 नगर भेरूंदा क्षेत्र के पटवारी को उत्कृष्ट कार्य एवं मध्य प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समय से क्रियान्वयन करने पर सम्मानित किया गया। पटवारी रमेश दायमा ,पटवारी रोहित कीर एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के डाटा कंप्यूटर ऑपरेटर ललित वर्मा को भी प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर सभी तहसील कार्यलय के कर्मचारियों द्वारा एवं भेरूदा तहसील क्षेत्र वासियों द्वारा सभी को बधाई दी गई है।

12 दिन बाद एक घंटे हुई झमाझम बारिश

पानी को तरस रही फसलों को मिलेगी ताकत

रायसेन. देशबन्धु। पांच अगस्त के बाद गुरुवार की शाम शहर सहित क्षेत्र मं झमाझम बारिश हुई। पौने आठ बजे शुरू हुई बारिश एक घंटे तक जारी रही। जिससे शहर तरबतर हो गया। 12 दिन बाद हुई बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई, जबकि पानी के लिए तरस रही फसलों को नई ताकत मिली। लंबे समय से बारिश नहीं होने से खरीफ की फसलें दम तोडने लगी थीं। विशेषकर धान की फसलें मुरझाकर गिरने लगी थीं। खेतों में दरारें पडने से किसानों की चिंता बढ़ गई थी। इस साल बीते साल की तुलना में बहुत कम बारिश हुई। जबकि सीजन की शुरुआत अच्छी हुई थी, लेकिन जुलाई और फिर अगस्त में खंड बारिश की स्थिति रही। जिससे जिले के बांध अभी तक नहीं भरे हैं। नदियों की धार भी अच्छे से नहीं चली है। विशेषकर बेतवा, सतधारा, तेंदोनी, दूधी नदी अभी तक उफान पर नहीं आई हैं। बेगमगंज की बीना नदी और सिलवानी की बेगम नदी जरूर दो बार उफान पर आ चुकी हैं।

जिले में अब तक 761.8 मिमी बारिश हुई

एक जून से गुरुवार सुबह तक जिले में कुल 761.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 267.6 मिमी कम है। जिले सामान्य औसत बारिश 1197.1 मिमी है। अभी तक रायसेन में 480.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 862.6, बेगमगंज में 889.3, सिलवानी में 682, गौहरगंज में 539.6, बरेली में 1002.4, उदयपुरा में 988.5, बाड़ी में 656.5, सुल्तानपुर में 570 तथा देवरी में 946.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

परेशान व्यापारियों ने सांकेतिक रूप से दुकानें बंद रखकर जताया विरोध

लिंक रोड़ चौड़ीकरण का कार्य जल्द पूरा करें

सिरोंज, देशबन्धु। कायाकल्प योजना के तहत जारी लिंक रोड का चौड़ीकरण का जल्द पूरा करने की मांग को लेकर आज स्थानीय व्यापारियों ने दोपहर 12 बजे तक सांकेतिक रूप से अपनी दुकानें बंद रखी और रैली की शक्ल में तहसील कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया।

ज्ञात हो कि लिंक रोड चौड़ीकरण का कार्य बीते 2 माह से बंद है। ठेकेदार द्वारा लिंक रोड को दोनों तरफ से खोदकर पटक दिया और उसके बाद काम बंद कर दिया है, जिसकी वजह से व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बात को लेकर इस सड़क पर मौजूद सभी व्यापारिक संस्थान बंद रहे। जिसके बाद वरिष्ठ व्यापारी राजेश मित्तल और किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के साथ वाहन रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसील कार्यालय के बाहर बैठकर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने लिंक रोड को सिरोंज की लाइफ लाइन बताते हुए कहा कि व्यापार का मुख्य केंद्र होने के साथ ही इस रोड पर तकरीबन 10 निजी अस्पताल खाद बीज एवं कीटनाशक की दुकान बिल्डिंग मटेरियल की दुकान, ऑटोमोबाइल्स शोरूम, पेट्रोल पंप ट्रैक्टर और मोटरसाईकिल रिपेयरिंग फर्नीचर आदि के व्यापार का मुख्य केंद्र हैं ठेकेदार द्वारा कमीशनखोरी से परेशान होकर इस रोड पर कार्य नहीं किया जा रहा है। जिस कारण हजारों लोग रोज ट्रैफिक जाम में फस रहे स्कूल के वाहन ट्रैफिक जाम में फंसने के कारण बच्चे रोजाना घंटों परेशान हो रहे हैं एंबुलेंस आदि जाम में फंसने पर मरीजों को कई बार तड़पते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 3 दिन के अंदर लिंक रोड का काम चालू नहीं हुआ तो सभी व्यापारी मिलकर चक्काजाम करेंगे।

कपिल गर्ग, राजकुमार जैन, प्रिंस त्यागी, मोनू साहू , संतोष रघुवंशी, संजीव रघुवंशी, फारूक भाई, सत्तार भाई, जसवन्त रघुवंशी, अक्षय भार्गव, विष्णु सेन प्रिंस त्यागी सहित समस्त व्यापारी उपस्थित थे।

दलित नपा कर्मचारी को दबंग ने पीटा, पुलिस ने किया मामला दर्ज

मुरैना, देशबन्धु। जिले के कैलारस थाना क्षेत्र में नगर पालिका परिषद प्रांगण में एक सफाई कर्मचारी की दबंग आरोपी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है।

बताया जाता है कि सफाई कर्मचारी राजकुमार बाल्मिक निवासी बाल्मिक मोहल्ला कैलारस बुधवार की शाम नगर पालिका कार्यालय में कम कर रहा था, तभी आरोपी रामजी सिकरवार ने जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट की, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर से एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है।

महिला ने फांसी लगाई, पुलिस मामले की जांच में जुटी

मुरैना, देशबन्धु। जिले के देवगढ़ थाना स्थित ग्राम तोर एक महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है ।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंजू देवी पत्नी दीपेंद्र धोबी 22 वर्ष निवासी ग्राम तोर ने 16 अगस्त से पूर्व घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका ने आत्महत्या किन कारणों के चलते कि फिलहाल ज्ञात नहीं हुआ है। देवगढ़ थाना पुलिस ने रामअवतार धोबी की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शादीशुदा युवती को भगा ले गया युवक, पीड़ित परिवार ने एसपी से की कार्रवाई की मांग

मुरैना, देशबन्धु। जिले के जौरा थाना अंतर्गत पटवापुरा गांव से 13 अगस्त की सुबह कुशवाह समाज का युवक गुर्जर समाज की शादीशुदा युवती को बहला-फुसलाकर भगा कर ले गया तथा आरोपी के पिता द्वारा पंचायत में 2 दिन के अंदर हाजिर कराने की बात कही, फिर भी वह हाजिर नहीं हुआ। पीड़ित गुर्जर समाज एवं कुशवाह समाज के लोगों ने आरोपी के खिलाफ गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

लडक़ी के पिता रामनिवास गुर्जर ने समाज के लोगों के साथ गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते हुए बताया कि 13 अगस्त की सुबह 4 से 5 के बीच आरोपी रानू कुशवाह पुत्र रामेश्वर उसकी 19 वर्षीय शादीशुदा पुत्री को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया और साथ में 15 तोला सोना एवं दो लख रुपए नगदी भी ले गए हैं। उक्त घटना में सतीश कुशवाह एवं सूबेदार गुर्जर का भी हाथ बताया गया है। पीड़ित रामनिवास ने बताया कि घटना के बाद आरोपी के पिता रामेश्वर ने भरी पंचायत में 2 दिन के अंदर लडक़ी एवं आरोपी को हाजिर करने की बात कही थी, लेकिन फिर भी कुछ नहीं हुआ। जौरा थाने में भी शिकायत की गई, परंतु कोई सुनवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने बीट प्रभारी पर तमाम गंभीर आरोप लगाए हैं। गुर्जर समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर अतिशीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

व्यापारी पर गोली चलाने वाले बदमाश को पुलिस ने पकड़ा

मुरैना, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा मुरैना जिले में गंभीर अपराधों मैं फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु वर्तमान में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह ठाकुर के निर्देशन में अंबाह पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए 15 अगस्त को जयश्वर रोड पर एक दुकानदार पर फायर करने वाले आरोपी को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार व्यवसायी गौरव जैन अपनी दुकान पर बैठा था, उसी दौरान अपराधी ने आकर उससे कोल्ड ड्रिंक मांगी और बहस करने लगा। बहस के दौरान आरोपी ने गौरव को गोली मार दी, जिसमें गौरव घायल हो गया और उसे उपचार के लिए मुरैना रेफर कर दिया।

गौरव के भाई अरविंद की फरियाद पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया और अपराधी की तलाश प्रारंभ कर दी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर किला स्कूल की तरफ जाकर अपराधी की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर उससे अवैध कट्टा और कारतूस बरामद किए हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमित भदौरिया सहित अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

पंचायत को कंप्यूटराइज बनाने पर सरपंच को प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित

◆ नेशनल हाईवे को जोड़ने वाले अबां नगर चौराहे पर अपने खर्चे से लगाए सीसीटीवी कैमरे

गंजबासौदा, देशबन्धु। नेशनल हाईवे मार्ग से जुड़ी अंबा नगर पंचायत को कंप्यूटराइज करने के साथ ही मुख्य चौराहे पर अपने खर्चे से सीसीटीवी कैमरे लगवा कर सुर्खियों में आए सरपंच राजेंद्र सिंह दांगी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। मालूम हो कि अंबा नगर पंचायत नेशनल हाईवे मार्ग से जुड़ी हुई होने के कारण यहां 24 घंटे भारी वाहनों का निकलना लगा रहता है। इस मार्ग पर कई बार को तस्करी के मामले भी सुर्खियों में आए थे। इसलिए सरपंच ने अपने खर्चे पर मुख्य चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। इसकी मानीटरिंग के लिए कंप्यूटर सिस्टम पुलिस चौकी में फिट करवाया है। यहां एक पुलिसकर्मी 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे पर निगरानी रखता है। जिससे होने वाले अपराधों निकलने वाले वाहनों पर नजर रखी जाती है। कई बड़े अपराधियों का भंडाफोड़ भी सीसीटीवी कैमरे की मदद से हो चुका है। अबां नगर चौराहा एन एच 46 से जुडा होने के कारण। सबसे व्यस्ततम मार्ग में गिना जाता है। सरपंच राजेंद्र सिंह दांगी को अपनी पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिले सम्मान को लेकर ग्रामीणों में भी हर्ष व्याप्त है जब सरपंच वापस गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने भी हार फूल माला पहनाकर उनका सम्मान किया। सरपंच राजेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने पंचायत में कंप्यूटर लगा रखा है जिसमें पूरे ग्रामीण का डाटा फीड है ।साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को कंप्यूटर की मदद से मिलती है। सरकारी योजनाओं को जरूरतमंद तक पहुंचाने का का प्रयास भी इस पंचायत में किया जा रहा है।

औबेदुल्लागंज और मण्डीदीप में श्रीमती भदौरिया ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से किया संवाद

छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए किया प्रेरित

रायसेन, देशबन्धु। जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज जिला पंचायत सीईओ तथा स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा औबेदुल्लागंज में वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय और मंडीदीप में राजा भोज शासकीय महाविद्यालय पहुंचकर छात्र छात्राओं से संवाद किया गया। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं। साथ ही ऐसे युवा जिनकी आयु 17 वर्ष से अधिक हो गई है लेकिन 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं हुई है, वह भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। फोटो निर्वाचक नामावली द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 कार्यक्रम के तहत जिले में 02 अगस्त से 31 अगस्त तक बीएलओ द्वारा, मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। यह विधानसभा निर्वाचन-2023 के पूर्व मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने तथा हटवाने का अंतिम अवसर है।

जिले में 19 और 20 अगस्त को विशेष शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन भी प्राप्त करेंगे। जो नागरिक 1 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन लिए जा रहे हैं। आगामी 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण 22 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। चार अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

ताप्ती तीरे

सार समाचार

राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा

बैतूल, देशबन्धु। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के शहीद स्थल श्री पेरंबदूर से राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा प्रारंभ हो कर दिल्ली जा रही राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा का बैतूल जिले में आगमन ग्राम मिलानपुर में हुआ इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष ने सभी यात्रियों का स्वागत किया एवं राजीव ज्योति सद्भावना ज्योति यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्ग से निकली । इस यात्रा के चेयरमैन आर दोराई ने बताया कि यह सद्भावना यात्रा प्रतिवर्ष श्री पेरंबदूर में राजीव ज्योति प्रज्ज्वलित कर से प्रारंभ हो कर कर दिल्ली में समापन होता है । इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमन्त वागद्रे ने सभी का स्वागत करते हुए बत्तीस वर्ष से निरंतर निकलने वाली राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा की सराहना करते हुए सभी को राजीव जी के प्रति समर्पित भाव की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की । इस अवसर पर कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता हेमन्त पगारिया , जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष रजनीश सोनी , मनीष देशमुख , बण्डू कुम्भारे , प्रतीक देशमुख , बंटी कापसे सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

पत्रकार संघ अध्यक्ष कमलेश ने किया ध्वजारोहण

भैंसदेही, देशबन्धु। पूर्णा आंचलिक पत्रकार संघ द्वारा नगर के सांस्कृतिक भवन प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित कर ध्वज प्रणाम के साथ राष्ट्रगान गाया गया। पत्रकार संघ के अध्यक्ष कमलेश कावड़कर द्वारा ध्वज पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। ध्वज प्रणाम कर समस्त पत्रकार बंधुओं द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। इस मौके पर पत्रकार संघ अध्यक्ष कमलेश कावड़कर ने समस्त पत्रकार बंधुओं से आह्वान किया कि हम सभी पत्रकार दुनिया के चौथे स्तंभ कहलाते हैं 24 घंटे अनिवार्य सेवा के रूप में यह कार्य आता है जनहित के मुद्दों को आप और हम सब मिलकर सदैव प्रकाशित करते हुए समाज कल्याण नगर विकास की कामना करते हैं। ध्वजारोहण कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार पंडित श्याम नारायण जी तिवारी, राजेंद्र धुले, निलेश सिंह ठाकुर, गजानन असवार, संतोष पाल, सोनू राठौर, मनीष राठौर, शंकर राय, अंकित राठौर, शोएब विंध्यानी, मनीष पटैय्या, नरेश मोहरे, अमन दरवाई, शहीद पत्रकार मौजूद रहे।

डॉ. रानी वर्मा ने किया बतूल का नाम रौशन

बैतुल, देशबन्धु। बैतुल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सी एच वर्मा की पोती रानी वर्मा की अथक मेहनत और प्रयासों से गवर्नमेंट जराराजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर से कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन की पढ़ाई पूरी की और परीक्षा में इतिहास बनाया अथक परिश्रम से गोल्ड मेडल प्राप्त किया और केवल कॉलेज में नही बल्कि पूरी यूनिवर्सिटी में टॉप किया जिसमें मध्य प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज आते हैं इस प्रकार बैतुल की बेटी रानी ने मध्यप्रदेश में यूनिवर्सिटी में टॉप करके बैतूल का नाम रोशन किया साथ ही साथ बिटिया का मध्य प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (mppsc)में भी टॉप 10 में सिलेक्शन हो गया है । बिटिया ने इस का श्रेय अपने दादा डॉ सी एच वर्मा ,डॉ शेला मुले,डॉ अशोक मुले अपने टीचर ओर माता पिता को दिया। रानी की इस कामयाबी पर इष्ट मित्र परिजनों ने उस को शुभकामनाएं दी

भाजपा की पहली सूची में हुई नाम की घोषणा

चंद्रशेखर देशमुख होंगे मुलताई विधानसभा में भाजपा का चेहरा

मुलताई, देशबन्धु। भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश में 39 उम्मीदवारों के नाम की पहली सूची जारी कर दी है। जिसमें बैतूल जिले की मुलताई विधानसभा से चंद्रशेखर देशमुख को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। अपने सरल सहज स्वभाव के लिए जाने जाने वाले चंद्रशेखर देशमुख पहले भी पहले दोबार विधायकरह चुके है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह द्वारा गुरुवार जारी की गई मध्य प्रदेश के 39 उम्मीदवारों की सूची में मुलताई से चंद्रशेखर देशमुख को शामिल किया गया है ।

चंद्रशेखर देशमुख ने अपनी राजनीति की शुरुआत पंच पद से की थी। इसके बादवे 10 साल तक सरपंच रहे। उन्होंने पहली बार मासोद विधानसभा क्षेत्र से 11वीं विधानसभा में कदम रखा था। उन्होंने उस समय मंत्री रहे राम जी महाजन को हराया था। उसके बाद हुए 2013 के चुनाव में चंद्रशेखर देशमुख ने सुखदेव पांसे को 31860 वोटों से शिकस्त दी थी। दो बार वे मुलताई और मासोद विधानसभा सामान्य सीट से विधायक चुने गए। 2018 में पार्टी ने उनका टिकट काटकर पवार उम्मीदवार राजा पवार को प्रत्यासी बनाया था ।लेकिन राजा चुनाव हार गए थे।

1984 मेंचुने गए थे,पंच, 10 वर्ष रहे सरपंच

9 फरवरी 1956 को जन्मे चंद्रशेखर देशमुख पार्टी के कई पदों पर रहे हैं। उन्होंने अपनी राजनीति की शुरुआत 1983 में तिलहन उत्पादक सहकारी समिति परसोडी से की थी । उसके बाद 1984 में पहली बार पंच बने, 1988 में हिरड़ी के सरपंच चुने गए। पार्टी ने उन्हें 1994 में मंडल महामंत्री बनाया था। उसके 2 साल बाद वे मंडल अध्यक्ष के पद पर आसीन हुए। यही नहीं जिला पंचायत में भी उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और 2005 में वे जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बने ।फिलहाल दो बार विधायक रह चुके देशमुख को अब फिर से उम्मीदवार बना कर भाजपा ने अपने पत्ते खोल दिए है।

वर्तमान विधायक सुखदेव पांसे के लिए देशमुख रहेंगे चुनौती

पिछली बार हुएविधानसभा चुनाव में मुलताई से कांग्रेस विधायक सुखदेव पांसे ने जीत हासिल की थी और मध्य प्रदेश सरकार में वे पीएचई मंत्री बनाए गए थे। जिसके बाद से मुलताई वीआईपी सीट में गिनी जाने लगी। अभी तक मूलताई विधानसभा से भाजपा की करीब एक दर्जन से ज्यादा उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने में लगे हुए थे। गुरुवार चंद्रशेखर देशमुख का नाम फाइनल होने के बाद बाकियों की उम्मीद पर विराम लग गया ।जनचर्चा का विषय है की पांसे के लिए देशमुख कड़ी टक्करदेते दिखाई देंगे।

आजादी के वीरों से प्रेरणा लेकर किया रक्तदान

बैतूल, देशबन्धु। आजादी के लिए कई वीरों ने अपना लहु बहा दिया। उनसे प्रेरणा लेकर जिला चिकित्सालय बैतूल में चोपना से आए हुए मरीज को बी नेगेटिव ब्लड ग्रुप की आवश्यकता थी। जिस पर समाजसेवी आकाश लोखंडे के द्वारा शैलेंद्र बिहारिया भाजयुमों गंज मंडल उपाध्यक्ष सतीश अमरुते जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र कुंभारे के आग्रह पर नागपुर से आकर ब्लड डोनेट किया। उल्लेखनीय है कि बी नेगेटिव ब्लड ग्रुप बहुत ही रेयर ग्रुप माना जाता है।

मरीज दो दिवस से जिला चिकित्सालय में भर्ती है ब्लड की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। इस अवसर पर श्री वंजारे द्वारा जिला चिकित्सालय में कार्यरत सक्योरिटी गार्ड महिला द्वारा भी स्वतंत्रता के अवसर पर रक्तदान किया गया। आकाश लोखंडे जो कि 21 बार रक्तदान कर चुके हैं। इस अवसर पर है हॉस्पिटल स्टाफ सहित समाजसेवी राजेश बोरखडे मौजूद थे।

संयुक्त किसान मोर्चा का संभावित स्त्री कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

शहीद स्मारक स्थल पर गंदगी देख भड़के पूर्व विधायक

मुलताई, देशबन्धु। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार मुलताई में पूर्व विधायक डॉक्टर सुनीलम के नेतृत्व में किसान संघर्ष समिति द्वारा वाराणसी में राजघाट पर परिसर तोड़े जाने को लेकर सत्याग्रह किया गया। इस दौरान भारी संख्या में मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा। एसडीएम तृप्ति पटरैया ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया ।सुबह 10ः00 बजे से डॉक्टर सुनील में एवं उनके साथी शहीद किसान स्तंभ पर एकत्रित हुए और सत्याग्रह शुरू कर दिया स्थल पर गंदगी देखकर उन्होंने तत्काल सीएमओ से इसकी शिकायत की और इसे शहीदों का अपमान करार देते हुए तत्काल सफाई करवाते हुए साफ सफाई की व्यवस्था बनाने के लिए कहा वहीसंयुक्त किसान मोर्चा का संभाग स्तरीय सम्मेलन भी आयोजित किया गया।

शहीद मनोज चौरेस्मारक स्थल पर गंदगी देख भड़के डॉ सुनीलम – डॉ सुनीलम शहीद किसान स्तंभ और शहीद मनोज चौरे स्मारक स्थल पर गंदगी देख धड़क पड़े, उन्होंने नगर पालिका सीएमओ से कहा कि स्मारक के पास पिछले कई महीनों से सफाई नहीं करवाई गई है। पूरे परिसर में गंदगी फैली हुई है एवं पक्षियों की गंदगी से पूरा परिसर सराबोर है। इस पर उन्होंने कहा कि परिसर की नियमित सफाई करवाई जानी चाहिए। सीएमओ ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सफाई करवा दी जाएगी।

संयुक्त किसान मोर्चे का संभाग स्तरीय सम्मेलन हुआ संपन्न– इधर संयुक्त किसान मोर्चे का संभाग स्तरीय सम्मेलन पारेगांव रोड स्थित ताप्ती लॉन में संपन्न हुआ । जिसमें सैकड़ो किसानों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में सभी कृषि उत्पादों के समर्थन मूल्य पर खरीद की कानून गारंटी, केरल की तरह सब्जियों की एमएसपी खरीदी, गन्ने की ?400 प्रति क्विंटल पर खरीदी,किसानों को संपूर्ण कर्जा मुक्त करने, बटाईदारो को न्याय देने, छोटे मध्य उच्च किसानों और कृषि श्रमिकों को प्रतिमाह ?5000 की किसान पेंशन देने सहित दुग्ध उत्पादक किसानों को में समितियां के 10 प्रतिफेट पर दूध खरीदी शुरू करने की मांग की गई।

शहीद महादेवराव जी रेवतकर की शहादत दिवस पर किया याद

मुलताई, देशबन्धु। ग्राम प्रभात पट्टन में शहीद महादेवराव जी रेवतकार का दहादत दिवस पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर उनकी जीवन पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से जानकारी दी गई। जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बाई नागले, जनपत सदस्य मन्दा ताई देशमुख, ग्राम की सरपंच शुन्दा ताई देशमुख सहित उनके परिवार के भोजराव रेवतकर, पूर्व सरपंच सुभाष देशमुख सहित पूरा समाज एवम् ग्राम वासी उपस्थित रहे। प्रणय पटेल, शुभम शिवहरे, प्रमोद डाबरे, तेली समाज के अध्यक्ष संजू भद्रे, चंद्रशेखर देशमुख, नामदेव बंजारे, रवि देशमुख, याकूब जी, महादेव करमे, बैतूल से गोपाल साहू, नारायण बंजारे, अनिम पठान, नामदेव हरशुले, अश्विन मालवी, संकर कमरे आदि उपस्थित रहे।

राहुल चंदेलकर बने युवा कांग्रेस चिचोली के ब्लॉक अध्यक्ष

चिचोली, देशबन्धु। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्वेरू ,भारतीय युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष बी वी श्रीनिवास ,प्रदेश प्रभारी अखिलेश यादव जी प्रदेश अध्यक्ष डॉ.विक्रांत भूरिया,प्रदेश सह-प्रभारी मानसिंग राठौर एवं बैतूल प्रभारी नमन दुबे की सहमति से।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं मुलताई विधायक आदरणीय सुखदेव पांसे एवं घोड़ाडोंगरी विधायक ब्रह्मा भालावी जी ज़िला अध्यक्ष सुनील शर्मा हेमंत वगद्रे प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव मनोज आर्य कि अनुशंसा से जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अंबरदीप बुनकर ने घोड़ाडोंगरी विधानसभा के चिचोली ब्लॉक में यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष राहुल चन्देलकर को नियुक्त किया एवं कार्यकारणी गठित की कार्यकारिणी में मनोज यादव चूड़ियाँ ब्लॉक उपाध्यक्ष, संदेश यादव चुनाहजुरी ब्लॉक उपाध्यक्ष, आयुष खातारकर उचागोहान महासचिव विधानसभा, एफ़ाज (मोंटी) खान आलमगड़ महासचिव, निलेश यादव चुनाहजुरी महासचिव विधानसभा, विकाश मालवी जोगली महासचिव वि.स. घोड़ाडोंगरी, शुभस यादव चिरापाटला सचिव घोड़ाडोंगरी वी.स., गोपाल पारते पाठाखेड़ा सचिव घोड़ाडोंगरी वी.स., अखिलेश उईके पाठाखेड़ा सचिव घोड़ाडोंगरी वी.स., प्रवीण सलामे आलमगड़ सचिव घोड़ाडोंगरी वी.स., क्षेत्र वासियों ने घोड़ाडोंगरी विधानसभा व चिचोली ब्लॉक युवक कांग्रेस के सभी साथीयो को बहुत बहुत शुभकामनाए एवं बधाई दी एवं आभार माना बधाई देने वालों में प्रवीण आर्य प्रतीक सोनी संदीप विश्वकर्मा महेश उईके धर्मेंद्र भलवी महेंद्र आर्य राजेंद्र पटेल जी सुरका उईके अक़रम पटेल महिंद्र आर्य केलश आर्य पाठाखेड़ा सरपंच गुलाब आर्य सानु कावड़े रोहित आर्य जी स्याम राओ चोकिकर जी रविकान्त आर्य जी नवनीत आर्य जी आशीष चंदेलकर जी अखलेश उईके शिवम उईके राजू जमने आयुष आर्य नवीन आर्य दिलीप यादव सुरेश यादव जगदीश आर्य लाल बहादुर राज वाडीवा सीतू आर्य जितेंद्र सिंह गोपाल परते भूषण देशमुख रितेश विश्वकर्मा रविंद्र रावण सरकार सुनील टेकम विपिन आर्य गब्बू आर्य पवन बावने विकाश चन्देलकर नितेश राठौर रितेश जावलकर सोनू असवार आयुष खातरकर प्रवीण बावने पुलकित जावलकर सत्यम चन्देलकर मनोज परते चंचल चन्देलकर प्रसांत मसोदकर रुचिर विक्की पंकज सरनेकर अर्जुन वटके शिवम आर्य योगेश बावने अजित वरकड़े अश्विन शेषकर लवकुश परते मोंटी खान।

स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी को युगों युगों तक याद किया जाएगा : डॉ पंडाग्रे

पूर्व प्रधानमंत्री की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया

सारनी, देशबन्धु। जन आदर्श स्पोर्ट्स क्लब द्वारा बुधवार सांय स्व.अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि के अवसर पर पाथाखेड़ा के स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई फुटबॉल ग्राउंड मे आमला सारनी क्षेत्र के विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे की उपस्थिति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष जगदीश पवार,जन आदर्श स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक रंजीत सिंह,जीपी सिंह,सुधा चंदा,नन्हे सिंह,भीम बहादूर थापा,मोहन मोरे,यशवन्त यादव की उपस्थिति में वाजपेई जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

इस अवसर पर आमला क्षेत्र के विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने कहा कि यह पाथाखेड़ा का फुटबॉल ग्राउंड भारतीय जनता पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक ग्राउंड बन गया है ।पहली बार स्व.अटल बिहारी वाजपेई जी की आम सभा इस फुटबॉल ग्राउंड में हुई थी ।इसी को याद करते हुए जन आदर्श स्पोर्ट्स क्लब एंड वेलफेयर सोसायटी के सभी सदस्य के साथ हमारे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पार्षद गण मिलकर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी को प्रतिवर्ष याद करते हैं।

उन्होंने जिस भाजपा रूपी वृक्ष का पौधा रोपण किया था आज वह विशाल वटवृक्ष बनकर पूरे भारतवर्ष को अपनी शीतल छाया प्रदान कर रहा है। मैं आज के दिवस में उन्हें शत-शत नमन करता हूं ।इस अवसर पर संरक्षक रंजीत सिंह सुधा चंद्रा जीपी सिह ने कहा कि प्रतिवर्ष खिलाड़ियों के द्वारा एवं क्लब के सदस्यों के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है पाथाखेड़ा फुटबॉल ग्राउंड का नामांतरण उनके नाम से किया गया है। यह हम सभी के लिए गौरांवित करने का विषय है। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कुनबी समाज की बैठक में अध्यक्ष चुनाव को लेकर हुआ मंथन

बैतूल, देशबन्धु। मंगल भवन बडोरा में सूर्यवंशी ढोलेवार (लेवा) कुनबी समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सूर्यवंशी ढोलेवार लेवा कुनबी समाज संगठन के अगले वर्ष 2024 में होने वाले अध्यक्ष पद के चुनाव तथा प्रबंध कार्यकारिणी के गठन एवं सामाजिक नियमावली पर प्रबुद्ध जनों ने अपनी- अपनी राय व्यक्ति की। नवंबर माह में होने वाले महासम्मेलन करने पर चर्चा की गई। जिसमें समाज के मुखिया लीलाधर पारधे,रेखाराम पुंडे, वर्तमान अध्यक्ष रेवती प्रसाद सरले, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष समेत नारायण सरले पटेल, कमल कुमार सरले, चमनलाल गावंडे, शिवचरण वानखेड़े, ऋषिराम सरले, प्रेमराज छेरकी, मनोहर पारधे, काशीराम ढावले, मुन्नालाल कोकाटे, तुलाराम गंगारे, भोलाराम कोकाटे, गुरुबक्श पुण्डे, उमाकांत वानखेड़े, पुरुषोत्तम सरले, डॉ येशोराम पारधे एवं समाज के सदस्यों द्वारा चर्चा कर निर्णय लिया गया।

मेरी माटी मेरा देश अभियान में निकाली तिरंगा बाईक रैली

सारनी, देशबन्धु। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा 16 अगस्त से 18 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को नगर पालिका द्वारा तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि पाथाखेड़ा के अटल बिहारी वाजपयी स्टेडियम से बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह, पार्षद योगेश बर्डे,गणेश मस्की,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली न्यू मार्केट,मस्जिद चौक,नपा क्षेत्रीय कार्यालय होते हुए एक्यूप्रेशर पार्क तक पहुंची। यहां समापन किया गया। इस मौके पर उपयंत्री रविंद्र वराठे, कमलेश पटेल सेनेटरी इस्पेक्टर केके भावसार, राजेश पटैया,सुखदेव बोरहपी घनश्याम पांडे, दिलीप भालेराव,राजेश बगाहे,गुरूस्वामी एरूलू, शिवम डेहरिया,सुनील यादव,राजेश वागदे, लक्ष्मण पंडाग्रे हरेंद्र भारती,ललित सोना के अलावा अन्य लोग मौजूद थे। मेश्राम ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत 17 अगस्त को सुबह 11 बजे से साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। उक्त साइकिल रैली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी से शुरू होगी। स्टेड बैंक रोड जय स्तंभ चौक होते हुए रैली नगर पालिका कार्यालय में समाप्त होगी। अभियान के तहत 18 अगस्त को सुबह 11 बजे से मानव श्रंखला का निर्माण किया जाएगा। मानव श्रृंखला जय स्तंभ चौक से शॉपिंग सेंटर,होते हुए शिलाफलकम् स्मारक आएगी। इसके बाद यहां पंचप्रण की शपथ दिलाई जाएगी। वसुधा वंदन के रूप में अमृत वाटिका में 75 पौधों का रोपण किया जाएगा। वीरों का वंदन, वीर नारियों, सेवानिवृत्त रक्षा,सीआरपीएफ,राज्य पुलिसकर्मियों का सम्मान किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया सिंचाई समस्या का हल, किसानों को नहीं आया समझ

सिंचाई अधिकारियों से मिला 35 गांवों का प्रतिनिधिमंडल

मुलताई, देशबन्धु। पारसढोह बांध की नहर से वंचित 35 ग्रामों के किसानों ने बुधवारनगर केसिंचाई विभाग पहुंचकर कार्यपालन यंत्री विपिन वामनकर से भेंट कर असिंचित ग्रामों को सिंचित किए जाने की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की। सिंचाई अधिकारियों ने सिंचाई से वंचित ग्रामीणों को सिंचित करने के लिए विभाग द्वारा राज्य शासन को भेजे गए प्रस्ताव के संबंध में किसानों को जानकारी दी। किंतु किसानों के प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि जो सुझाव सिंचाई अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं वह पर्याप्त नहीं है। बड़ा क्षेत्र होने के कारण तीन छोटे बांधों और वर्धा फेस -2 से इन ग्रामो की सिंचाई समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा।

पहले से सिंचित ग्रामों को फिर जोड़ दिया पारसढोह बांध की नहर से: प्रतिनिधि मंडल में शामिल गुलाब देशमुख ने कहा कि जो ग्राम पहले से ही सिंचित है सिंचाई विभाग ने उन विभागों को फिर से पारसढोह बांध की नहर से जोड़ दिया और 35 ग्राम वर्षों से असिंचित है वहां के किसान 2014 से अपने ग्रामों को सिंचित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्राम बिसनुर,पेंडुरनी, ठानी, गुजर माल पहले ही अन्य बांधों से सिंचित हो रहा है। इसके बावजूद भी इन ग्रामों को पारसढोह बांध की नहर से जोड़कर पानी दिया जा रहा है। किसान बताते हैं कि सिंचाई अधिकारियों ने जो सुझाव बताएं हैं वह भी पर्याप्त नहीं है। हम इन असिंचित ग्रामों के लिए योजना चाहते हैं। इसके लिए हम मुख्यमंत्री से मिलेंगे और मांगे पूरी ना होने पर चुनाव बहिष्कार सहित विशाल आंदोलन खड़ा किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों में बाबाराव आष्टा, घनश्याम नरवरे, नामदेव फाटे धाबला, दीनानाथ मायवाड सावगी, अमर चौहान ,हेमराज साहू ,नारायण सूर्यवंशी, सुधाकर कमरे आदि।

वर्धा फेस -2 एवं 3 छोटे बांधों का शासन को भेजा प्रस्ताव

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री विपिन वामनकर ने किसानों से चर्चा के बाद बताया कि हमने 35 ग्रामों के सिंचाई की समस्या का समाधान हो सके इसके लिए वर्धा बांध फेस टू एवं तीन अन्य छोटे बांध देवबारसा, मोरंडचारसी, खोदरी बांध के कार्य को स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को भेजा है। जिसमें से वर्धा फेस टू से 3000 हेक्टर सिंचाई हो सकेगी इन कार्यों के स्वीकृति और निर्माण के बाद इन ग्रामों की बहुत हद तक समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

विपिन वामनकर, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग मुलताई

सार समाचार

राष्ट्रीय युवा हिन्दू वाहिनी ने किया पौधरोपण

इटारसी, देशबन्धु। राष्ट्रीय युवा हिन्दू वाहिनी जिला नर्मदा पुरम इटारसी की सभी पदाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस मनाया एवं पुरुषोत्तम मास में हरियाली तीज मनाकर पौधरोपण किया। 551 पौधरोपण के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाते हुए हिंदू वाहिनियां पौधरोपण कर रही हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अर्चना मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष चांदनी शुक्ला, साधना मालवीय, संरक्षक ममता मालवीय, नीलम मालवीय, ज्योति त्रिवेदी, संगीता साहू, ज्योति तोमर, सविता शर्मा, भावना यादव, अनु सिंह, संगीता पटेल एवं सदस्य मौजूद रहे।

पैसेंजर और मेमो ट्रेन में बढ़ेंगे यात्री डिब्बे, यात्री सुविधा हेतु सांसद की पहल

इटारसी, देशबन्धु। लंबे अरसे से सवारी गाड़ियां पैसेंजर ट्रेन और मेमो ट्रेन में लोगों को भीड़ की अधिकता से आ रही परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य व नर्मदापुरम-नरसिंहपुर सांसद उदयप्रताप सिंह द्वारा उक्त दोनों ट्रेनों में यात्री डिब्बे बढ़ाए जाने की मांग समय-समय पर रेलवे की मीटिंग में उठाई जाती रही है। सांसद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तत्संबंध में रेलवे द्वारा पैसेंजर ट्रेन और मेमो ट्रेन में डिब्बे बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया है। बताया गया कि शीघ्र ही दोनों ट्रेनों में यात्रियों की सुविधा को देखते हुए डिब्बे बढ़ाए जाएंगे, जिससे आम यात्रीगण सुगमता से रेल यात्रा कर सकें। वहीं शटल ट्रेन को पुन: प्रारंभ किए जाने की मांग को भी सांसद श्री राव द्वारा विगत रेल बोर्ड की बैठक में प्रमुखता से रखा गया था।

निशुल्क मोतियाबिंद शिविर में आपरेशन के लिए 37 मरीज चयनित

इटारसी, देशबन्धु। सेवा सदन प्राथमिक आंख जांच केंद्र इटारसी में जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति, वेन गिविंग फाउंडेशन, मिशन फॉर विजन तथा बाबा गोदड़ी वाला धाम समिति द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया। शिविर में ऑप्टोमेट्रिस्ट सत्यवीर सिंह ने 88 मरीजों की जांच की जिसमें 37 मोतियाबिंद के मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु सेवा सदन आई हॉस्पिटल ट्रस्ट संत हिरदाराम नगर भोपाल भेजा। इस दौरान बाबा गोदड़ी वाला धाम से समाजसेवी सन्मुखदास चेलानी, परियोजना समन्वयक प्रिंस बेलवंशी, डाटा एंट्री ऑपरेटर शैलजा, हेल्थ वर्कर कनक ठाकुर उपस्थित रहे।

समय पर कार्यवाही न होने से बढ़ रही हैं लंबित शिकायतों की संख्या

सीएम हेल्पलाइन: जिले में 50 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं 2 हजार से ज्यादा शिकायतें

अक्षय नेमा

नर्मदापुरम, देशबन्धु। जिले में सीएम हेल्पलाइन में जहां शिकायतों का अंबार लगा है, वहीं उसमें कई शिकायतें 50 दिन से अधिक समय से लंबित पड़ी हैं। ज्ञात हो कि चुनावी साल में परेशान लोगों की नाराजगी से बचने के लिए कुछ माह पूर्व सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को भी मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण में शामिल किया गया था। इसके साथ ही उन शिकायतों लेकिन सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के अनुसार गुरुवार शाम 6 बजे तक जिले भर में करीब 9398 शिकायतें लंबित हैं। बताया जाता है कि वर्तमान में शिकायतकर्ता से संबंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा संपर्क किया जाता है। व्यक्ति को फोन लगाकर पूछा जाता है कि आखिर उसकी शिकायत पर कितना निराकरण किया गया। जो भी जानकारी व्यक्ति देता है, उसे पोर्टल में शिकायत के साथ दर्ज किया जा रहा है। परंतु इन सब के बाद भी पोर्टल पर जिले में 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतें

का त्वरित निराकरण करने के भी दावे किए गए थे। इन लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए कई दफा संभागायुक्त सहित कलेक्टर निर्देश दे चुके हैं परंतु शिकायतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। 07 अगस्?त को ही कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन और समयसीमा के प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की थी। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाएं। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के अनुसार जिले में जुलाई माह में लगभग 8541 शिकायतें दर्ज हुई थी। जिनमें से 5597 शिकायतें संतुष्टि के साथ बंद भी हुई लगभग 2457 बनी हुई हैं। वहीं जिले भर में लगभग 301 शिकायतें ऐसी हैं जो नॉट अटेंडेंट बनी हुई हैं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए जिले को बी ग्रेडिंग दी गई है।

इनका कहना है

ये शिकायतें चार हफ्ते की होती हैं। इतनी शिकायतें संभवता नहीं होंगी, मैं पता करूंगा। प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर द्वारा इसकी समीक्षा होती है। कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जाता है। नॉट अटेंडेंट शिकायतों के लिए पहले से ही प्रावधान है उसके अनुसार कार्यवाही की जाती है।

डीके सिंह, एडीएम, नर्मदापुरम

जुलाई माह में इस विभागों की शिकायतें सर्वाधिक

विभाग	शिकायत संख्या
ऊर्जा	1426
राजस्व	1001
खाद्य नागरिक आपूर्ति	236
पंचायत एवं ग्रामीण विकास	834
नगरीय विकास एवं आवास	821
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार	523
गृह विभाग	433
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी	252
सामाजिक न्याय	241
वित्त विभाग	379
महिला एवं बाल विकास	338
किसान कल्याण एवं कृषि	1034
सामान्य प्रशास	112
श्रम	134
परिवहन	57
सहकारिता	279
स्कूल शिक्षा	136
लोक निर्माण	33
खनिज	19

जुलाई माह में नगरीय प्रशासन की कहां कितनी शिकायतें आई

नपा-परिषद	शिकायतें
बाबइ	37
सोहागपुर	26
नर्मदापुरम	415
सिवनी मालवा	26
इटारसी	164
बनखेड़ी	39
पिपरिया	90

नगरीय प्रशासन में 50 दिनों से अधिक समय से लगभग 106 शिकायतें लंबित

आला अधिकारियों के तमाम आदेशों के बाद भी जिले में 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों में कमी नहीं आ रही है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के अनुसार जिले की नगर पालिका व नगर परिषदों में भी 50 दिनों से अधिक समय से लगभग 106 शिकायतें लंबित बनी हुई हैं। सबसे ज्यादा लंबित शिकायतें नगर पालिका नर्मदापुरम की है। यहां पर लंबित शिकायतें 255 हैं जिनमें 50 दिनों से अधिक समय से कुल 45 शिकायतें लंबित हैं। इटारसी नगर पालिका में 133 शिकायतें लंबित तथा 31 शिकायतें 50 दिनों से अधिक समय से बनी हुई हैं। पिपरिया में 64 शिकायतें लंबित तथा 22 शिकायतें 50 दिनों से अधिक समय से बनी हुई हैं। बनखेड़ी में लंबित शिकायतें 18 तथा 50 दिन से ज्यादा की 5 शिकायतें, सिवनीमालवा में 27 शिकायतें लंबित तथा 3 शिकायतें 50 दिनों से अधिक समय से बनी हुई हैं। जिले में सिर्फ बाबई और सोहागपुर नगर परिषदो में 50 दिनों से अधिक समय से शून्य शिकायतें हैं।

ये शिकायतें अभी भी लंबित

21 जून 2023 को ग्राम शिवपुर, सिवनीमालवा निवासी शिकायतकर्ता ने शिकायत 22816783 दर्ज कराई कि सचिव द्वारा आवेदक के खेत मे मनरेगा के अंतर्गत नाली खोदी गई थी, लेकिन उस नाली को भरा नही गया। जिससे आने जाने मे काफी असुविधा हो रही है। उक्त शिकायत पर शिकायत की स्थिति के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा दिये गये प्रतिवेदन भी दिया है। लेकिन शिकायतकर्त्ता संतुष्ट नहीं हैं। ग्राम पंचायत-रिछी निवासी शिकायतकर्ता ने 30 जून को शिकायत 22971829 कर बताया कि सहायता राशि नहीं दी जा रही है जिससे आवेदक को परेशानी आ रही है। 07 अगस्त को शिकायत की स्थिति में शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि आवेदक की शिकायत को काफी समय हो गया है आज दिनांक तक शिकायत पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी है जिसके कारण काफी समस्या आ रही है। कृपया समस्या का जांच कर जल्द से जल्द निराकरण किया जाये। ऐसी अन्य शिकायतें भी लंबित बनी हुई हैं।

शासकीय कन्या शाला में हुई जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता

इटारसी, देशबन्धु। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सूरजगंज में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया। संस्था के खेल शिक्षक विनोद दुबे ने बताया कि योग कार्यक्रम में बाबई, सोहागपुर, बनखेड़ी, डोलरिया, मेहरा गांव स्कूल के 14 वर्ष से 19 तक आयु वर्ग के बालक बालिकाओं के योगा कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अखिलेश शुक्ला ने किया।

कार्यक्रम में पीटीआई शिक्षक अश्वनी मालवीय इटारसी, अर्पण दुबे डोलरिया, भगवती प्रसाद चौरे मेहरागांव, पंकज महतो, रामकृष्ण यादव बाबई, सचिन बाथरे बनखेड़ी, पूजा तिवारी, देवराज राजपूत नर्मदापुरम, श्रीमती जया प्रभा मोर, रिमी सिंह, अशोक गोस्वामी, महेश रैकवार सहित इटारसी शाला के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। पूरा दिन चले इस कार्यक्रम में शाम 5 बजे परिणाम की घोषणा की गई।

एनसीसी कैडेट्स को ए सर्टिफिकेट का वितरण किया

इटारसी, देशबन्धु। सेंट मेरी स्कूल में एनसीसी कैडेट्स को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। इस अवसर पर मैनेजर फादर विंसेट सौरीश एवं प्राचार्य सिस्टर मीना परमार, कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दिनेश कनोजिया तथा एनसीसी केयरटेकर डॉली चौरे ने नायब सूबेदार विजय पाल सिंह का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

कर्नल दिनेश कनोजिया ने कैडेट्स को एनसीसी से कॅरियर में होने वाले लाभ से अवगत कराया। तत्पश्चात पूर्व एनसीसी कैडेट्स को ए सर्टिफिकेट वितरित किय। इस अवसर पर 5 एमपी से आये पीआई स्टाफ हवलदार सुशील कुमार, जोतिबा पाटिल और सेंट मेरीस स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

निष्पक्ष मतदान प्रजातंत्र की शक्ति है : सीईओ

नर्मदापुरम, देशबन्धु।। निष्पक्ष मतदान प्रजातंत्र की शक्ति है। मतदान में मतदाताओं की जितनी अधिक हिस्सेदारी होगी, हमारा प्रजातंत्र उतना ही मजबूत होगा। उक्त उद्गार स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत द्वारा गुरुवार को पुलिस मुख्यालय नर्मदापुरम में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यक्त किये। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा, एसडीओपी पराग सैनी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। सीईओ द्वारा पुलिस अधिकारियों को मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया को तीन चरणों में विभाजित करते हुए बताया गया कि प्रथम चरण वर्तमान समय से आदर्श आचार संहिता लागू होने के पूर्व तक रहेगी तथा द्वितीय चरण आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर मतदान के 48 घंटे पूर्व तक रहेगी तथा तृतीय चरण मतदान प्रारंभ होने से मतदान समाप्ति तक रहेगी। इस अवसर पर सीईओ द्वारा अलग-अलग चरणों की चैक लिस्ट

तैयार कर बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों से स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों से अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने की अपील की।

अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते डंपर और ट्रैक्टर-ट्राली पकड़े

नर्मदापुरम, देशबन्धु। खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए बुधवार को तवा नदी से रेत का अवैध उत्खनन परिवहन करते हुए पाए जाने पर डंपर क्रमांक एमपी 40 बीएल 3201 को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इसी प्रकार ग्राम-होरियापीपर से 01 ट्रैक्टर ट्राली आयशर 485 बिना नंबर को रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त जब्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा ग्राम-कीरपुरा, तह माखननगर में रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर नदी के पास संभावित मार्गों पर जेसीबी मशीन से गड्ढे कर रोकथाम की कार्यवाही की गयी है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया

कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन परिवहन के 142 प्रकरण पंजीबद्ध कर एक करोड़ दस लाख रुपये का अर्थदंड खनिज मद में जमा कराया गया है।

सेंपल बीज बेचने पर साहू फर्टिलाइजर का लाइसेंस निलंबित

इटारसी, देशबन्धु। सेंपल बीज बेचने मामले में कृषि विभाग ने इटारसी के साहू फर्टिलाइजर का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। कृषि उप संचालक के निर्देश पर बनाई जांच दल ने सेंपल बीज बेचे जाने की शिकायत को सही पाया था। दल की जांच रिपोर्ट के बाद कृषि उप संचालक ने कार्यवाही करते हुए दुकानदार का बीज बेचने वाला लाइसेंस निलंबित कर दिया।

यह था मामला

ग्राम पथरोटा के उन्नत किसान अमित वर्मा ने साहू फर्टिलाइजर इटारसी की शिकायत कृषि विभाग उप संचालक से की थी। दरअसल अमित वर्मा ने साहू फर्टिलाइजर दुकान से 27 जून 2023 को 3524 किस्म पायोनियर कंपनी का मक्का बीज खरीदा था जो कि दुकानदार ने किसान अमित वर्मा को सेंपल बीज के 15 पैकेट बेच दिए और सेंपल बीज बिक्री का बिल भी दे दिया। पीड़ित किसान ने 25 हजार रुपए का बीज खरीदा था और अपने खेत में बोनी भी कर दी थी। इसी दौरान बीज के पैकेट पर उनकी नजर पड़ी और उन्होंने सारे पैकेट चेक किए तो उनके होश उड़ गए थे कि सभी पैकेट सेंपल बीज के थे, नॉट फॉर सेल जिसे बाजार में बेचा नहीं जा सकता था। बीज विक्रेता ने किसान को यह सेंपल बीज बेचा था। पीड़ित किसान अमित वर्मा ने इस मामले

की शिकायत कृषि विभाग और सी एम हेल्प लाइन पर की थी।

इस मामले में कृषि उप संचालक जेआर हेडाऊ नर्मदापुरम ने बताया कि पीड़ित किसान द्वारा शिकायत की गई थी कि साहू फर्टिलाइजर जमानी रोड इटारसी ने पायोनियर मक्का बीज बेचा था। शिकायत के बाद विभाग ने जांच दल बनाया और जांच की गई तो पता चला कि कोटेड कॉप साइंस कंपनी का बीज किस्म पी- 3524 ए 3 सीडब्ल्यू लॉट नंबर 5886628 जेपी 23 एच 0076 किसान को बेचकर पक्का बिल दिया। जो कि यह बीज कंपनी ने किसानों को निशुल्क वितरण के लिए दुकानदार को दिया था। इसलिए सीड एक्ट का उल्लंघन किए जाने के कारण मेसर्स साहू फर्टिलाजर जमानी रोड इटारसी का बीज बेचने का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

शहर के बाजार क्षेत्र में उप लोक सेवा केन्द्र का शुभारंभ आज

इटारसी, देशबन्धु। नागरिकों की सुविधा के लिए अब उप सेवा केन्द्र शहर के बीच बाजार क्षेत्र में खुलेगा। इसके लिए वाचनालय से अच्छी जगह कोई नहीं। यहीं उप लोक सेवा केन्द्र खोलने का निर्णय लिया है और विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा कल 18 अगस्त को सुबह 11:30 बजे इसका शुभारंभ करेंगे। उप लोक सेवा केन्द्र के रूप में जनता को विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा द्वारा एक और सौगात दी जा रही है, जिससे तहसील कार्यालय तक जाने से निजात मिलेगी और लोगों के जरूरी काम यहीं संपन्न हो सकेंगे। गांधी मैदान स्थित गांधी वाचनालय के समीप उप सेवा केन्द्र शुक्रवार 18 अगस्त से काम करना प्रारंभ कर देगा।

श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में सोमनाथ ज्योर्तिलिंग का पूजन एवं अभिषेक किया

सावन मास में द्वादश ज्योर्तिलिंग पूजन एवं रुद्राभिषेक प्रारंभ

इटारसी, देशबन्धु।। जीवन शिव के बिना अधूरा ही नहीं शव के समान है। शिव ही जगत के अधिष्ठाता हैं। महिला पुरुष शिव के उपायक होते हैं। यही कारण है कि परिवारों में मंगल और सुख शांति रहती है।

उक्त उद्गार मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे ने शिवार्चन के समय व्यक्त किए। आगामी 12 दिन तक चलने वाले इस आयोजन में बारह ज्योर्तिलिंग का पूजन और अभिषेक होगा। प्रथम दिवस सोमनाथ के पार्थिव ज्योर्तिलिंग का पूजन एवं अभिषेक किया। यजमान नारायण दुन्दभी एवं श्रीमती सेवन्ती दुन्दभी ने पूजन एवं अभिषेक किया।

पं. विनोद दुबे ने बताया कि सोमनाथ के मंदिर का घंटा 200 टन सोने का हुआ करता था। मंदिर में हीरे के छप्पन खंबे माणिक रत्न आदि से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि भगवान की पूजा और अभिषेक के लिए गंगाजल प्रतिदिन हरिद्वार, प्रयाग, काशी से लाया जाता

था। यहां पर कश्मीर में पूजन के लिए फूल लाये जाते। यहां प्रतिदिन की पूजन के लिए एक हजार ब्राम्हण नियुक्त किये गये थे। इस सोमनाथ मंदिर के लिए 10 हजार ग्रामों की जागीर भी रहती थी। जिसकी आमदनी से परिसर का खर्च चलता था । प्रमुख आचार्य पं. विनोद दुबे ने कहा कि मेहमूद गजनवी और खिलती वंश सहित औरंगजेब ने इस मंदिर में काफी तोड़फोड़ की। बाद में हिंदू रानी अहिल्या देवी होल्कर ने मंदिर कस जीर्णोद्धार कराया। आचार्य पं. सत्येन्द्र पांडे एवं पं. पीयूष पांडे ने श्रद्धालुओं से अभिषेक संपन्न कराया।

मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों और विशेषज्ञों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

चिकित्सकों का कार्य सामान्य नौकरी या आजीविका से कहीं बड़ा है

83 शिशु रोग, 76 सर्जन विशेषज्ञों तथा 128 दंत शल्य चिकित्सकों को जारी किए गए नियुक्ति पत्र

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हम और आप मिलकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसी स्थिति निर्मित करें कि कोई गरीब और जरूरतमंद इलाज के बिना नहीं रहें। उसका सही उपचार हो और वह स्वस्थ हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में 3 करोड़ 60 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए हैं, हम प्रदेश में आयुष्मान भारत का यूनिवर्सल कव्हरेज करेंगे, जो परिवार आर्थिक रूप से संपन्न हैं उन्हें छोड़कर सभी के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। जटिल बीमारियों के उपचार पर बहुत अधिक खर्च होता है, लोगों को यह भरोसा देना जरूरी है कि बीमारी के समय सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नवनियुक्त चिकित्सकों और विशेषज्ञों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के लिए समत्व भवन में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों से संवाद कर रहे थे।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, अन्य अधिकारी तथा नव नियुक्त विशेषज्ञ व चिकित्सक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज 83 शिशु रोग तथा 76 सर्जन विशेषज्ञों, 128 दंत शल्य चिकित्सकों का नियुक्ति पत्र जारी किए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अंतर्गत सहायक माइक्रो बायोलाजिस्ट पद पर 2, सहायक लोक विश्लेषक के 6 तथा सहायक औषधि विश्लेषक 24 अभ्यार्थियों को भी नियुक्ति पत्र जारी किए गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नवनियुक्त चिकित्सकों, विशेषज्ञों आदि को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका कार्य सामान्य नौकरी या आजीविका अर्जन से कहीं बड़ा है। आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि लोगों का जीवन बचाने और उन्हें रोगों से मुक्त करने का काम आपके हाथों में है। आप अपने कार्य को इस भावना से संचालित करेंगे तो जीवन में सदैव आनंद और प्रसन्नता बनी रहेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि 925 और चिकित्सकों का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा किया गया है। शीघ्र ही चिकित्सकों की समस्याओं व अपेक्षाओं पर चर्चा के लिए डॉक्टर्स पंचायत आयोजित की जाएगी मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रतीक स्वरूप सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. राजीव कनेरिया, डॉ. नमिता मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार कौल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित्रा वर्शी, डॉ. इंद्रजीत, दंत शल्य चिकित्सक डॉ. शिवानी राय, डॉ. धीरज भईया दुपारे, डॉ. रितु शर्मा, सहायक माइक्रो बायोलॉजिस्ट अंशुल शर्मा, सहायक औषधि विश्लेषक सुश्री ममता और सहायक लोक विश्लेषक सुश्री चंद बैगा को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शेष अभ्यर्थियों को सिंगल क्लिक से डिजिटली नियुक्ति पत्र जारी किए।

शीघ्र ही होगी डॉक्टर्स पंचायत

मैं राजनीति नहीं आता तो डॉक्टर ही बनता

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरे लिए भी मध्यप्रदेश की जनता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अगर मैं राजनीति के क्षेत्र में नहीं आता तो निश्चित रूप से डॉक्टर ही बनता। हम कितने भी बड़े अस्पताल या स्वास्थ्य संस्थान खोल लें, लेकिन इन संस्थाओं की आत्मा आप चिकित्सक ही हैं। कोविड काल में शासकीय चिकित्सालयों और चिकित्सकों द्वारा की गई सेवा का सभी ने सम्मान किया।

प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है : डॉ. चौधरी

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। शासकीय चिकित्सालयों के कायाकल्प, पैथॉलॉजी जांचों की व्यवस्था, पर्याप्त बैड की उपलब्धता से प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। मंत्री डॉ. चौधरी ने नवनियुक्त चिकित्सकों तथा विशेषज्ञों को नवीन उत्तरदायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक रविवार को प्रत्याशी को लेकर होगा मंथन

भोपाल, देशबन्धु। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ की अध्यक्षता वाली चुनाव समिति की पहली बैठक रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन किया जाएगा, जिसमें प्रत्याशी का चयन के लिए निर्धारित मापदण्ड निर्धारित किए जाएंगे।

बताया जाता है कि जहां कमलनाथ द्वारा स्वयं सर्वे कराया जा रहा है, वहीं पार्टी आलाकमान का भी प्रत्याशी चयन को लेकर सर्वे चल रहा है। इसके अलावा पार्टी के जिला प्रभारी और सह प्रभारियों के साथ ही केन्द्रीय पर्यवेक्षकों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। इन सबके बाद जो सार निकलेगा उसके आधार पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी।

इसी के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया की अगुआई वाली कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक भी आयोजित की जा रही है। इस बैठक में विधानसभा चुनाव की रूपरेखा के अनुसार अंचलवार अभियान चलाने के संबंध में चर्चा होगी।

समिति जुटा रही लोगों से सुझाव, जगह-जगह लगाई जाएंगी पेटियां

जनता के सुझावों पर भाजपा तैयार करेगी घोषणा पत्र

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा चुनावों के लिए इस बार भाजपा जनता की राय लेकर घोषणा पत्र तैयार करेगी। इसके लिए गठित घोषणा पत्र समिति ने लोगों से सुझाव जुटाने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए संभागवार बैठकें आयोजित की जा रही हैं, वहीं सुझाव लेने के लिए भाजपा जगह-जगह सुझाव पेटियां लगाएगी। ई-मेल पर भी सुझाव लेने की पार्टी की कार्ययोजना में शामिल है।

भाजपा की घोषणा पत्र समिति ने प्रदेश कार्यालय में भोपाल और नर्मदापुरम संभाग की बैठक आयोजित की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, घोषणा पत्र समिति के प्रमुख जयंत मलैया, सह प्रमुख प्रभात झा, दीपक विजयवर्गीय और कविंद्र कियावत सहित अन्य पदाधिकारियों ने भोपाल नर्मदापुरम संभाग की बैठक को संबोधित किया। बैठक में दोनों ही संभागों के सभी जिला महामंत्री और पार्टी के मोर्चा पदाधिकारियों को बुलाया गया। इसके लिए मोर्चा पदाधिकारियों के लिए लक्ष्य तय किए गए हैं और अलग-अलग वर्ग से किस तरह से सुझाव लिए जा सकते हैं, इसकी कार्ययोजना बनाई गई। जिलों में सुझाव लेने के लिए जिला महामंत्रियों से विभिन्न माध्यमों के उपयोग के बारे में चर्चा की गई। वहीं घोषणा पत्र समिति के पदाधिकारी शुक्रवार को इंदौर और उज्जैन संभाग की बैठक लेंगे। सुबह उज्जैन संभाग की बैठक ली जाएगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

भोपाल उत्तर से आलोक, ध्रुवनारायण.... भाजपा ने इंदौर जिले के सांवेर से पूर्व विधायक राजेश सोनकर, पूर्व मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ की सीट महेश्वर, जिला खरगोन से राजकुमार मेव, कांग्रेस के दिवंगत नेता सुभाष यादव के पुत्र एवं पूर्व मंत्री सचिन यादव की सीट कसरावद जिला खरगोन से आत्माराम पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के प्रमुख आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया की सीट झाबुआ से भानु भूरिया, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह बघेल की सीट कुक्षी जिला धार से जयदीप पटेल, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जीतू पटवारी की सीट राऊ जिला इंदौर से मधु वर्मा को भाजपा ने उम्मीदवार घोषित किया है। बसपा विधायक रामबाई की सीट पथरिया जिला दमोह से भाजपा ने लखन पटेल को उम्मीदवार घोषित किया है।

शिवराज प्रतिभाशाली विद्यार्थियों.... योजना का महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान 23 अगस्त को शहडोल जिले में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसी दिन दमोह में महिला सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान 24 अगस्त को छिंदवाड़ा में हनुमान लोक परियोजना का भूमि पूजन करेंगे। इसके साथ ही रोजगार दिवस एवं महिला सम्मेलन का कार्यक्रम भी रहेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान इसी दिन बैतूल जिले में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत सामग्री वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान 25 अगस्त को जबलपुर में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे एवं सुराज कॉलोनी का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज समत्व भवन से वीसी द्वारा संबंधित जिलों के कलेक्टर्स से इन सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर निर्देश दिए।

कुरवाई में जनदर्शन में शामिल हुए मुख्यमंत्री, बोले

आगासौद में 50 हजार करोड़ की लागत से पेट्रो-केमिकल कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कुरवाई और आसपास के विकास के लिए बीना रिफायनरी के साथ ही आगासौद में जल्दी ही 50 हजार करोड़ की लागत से पेट्रो-केमिकल काम्पलेक्स बनाया जाएगा, जो लोगों की जिंदगी बदल देगा। वह आज विदिशा के कुरवाई में जनदर्शन के बाद नागरिकों से संवाद कर रहे थे। साथ ही घोषणा की है कि कुरवाई के सिविल अस्पताल का उन्नयन कर 50 बिस्तर का किया जाएगा। कुरवाई में रानी अवंतीबाई की मूर्ति लगाई जाएगी तथा पठारी में महाविद्यालय खोला जाएगा।

जगह-जगह राखी बांधने से अभिभूत मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राखी के कच्चे धागे का बंधन नहीं यह अटूट और भाई-बहिन का पवित्र रिश्ता है। मैं वचन देता हूं कि बहनों की आखों में आंसू नहीं आने दूंगा, उनकी जिंदगी बदल देंगे। उन्होंने बेटे-बेटियों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़े। हायर सेकंडरी स्कूल में टॉप करने वाले एक-एक बेटे और बेटी को 23 अगस्त को स्कूटर और स्कूटी की राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की फीस सरकार द्वारा भरी जा रही है। युवाओं को मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में सीखने के साथ स्टायपेंड दिया जाएगी। साथ ही एक लाख सरकारी नौकरी दी जा रही है और स्व-रोजगार योजनाएं भी संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाना उनका संकल्प है। कुछ समय पूर्व ही 22 सौ करोड़ रुपए की राशि किसानों के कर्ज के ब्याज से मुक्ति के लिए जमा की गई है। अब छोटे किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि के 6 हजार और मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना को 6 हजार रूपये मिलाकर साल में 12 हजार रूपये की राशि मिलेगी। इसके पूर्व उन्होंने 325 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत के 25 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कुरवाई में 210 करोड़ 93 लाख की लागत के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। वहीं मुख्यमंत्री ने 97 करोड़ 75 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया है। कार्यक्रम के दौरान सांसद राजबहादुर सिंह और विधायक हरिसिंह सप्रे भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती अर्चना परिहार
जिला परिवहन अधिकारी, मुरैना

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

राकेश शर्मा
जिला स्वास्थ्य अधिकारी
कुंवर जहार सिंह शर्मा
जिला चिकित्सालय, मुरैना

सभी नगर एवं ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अपील ■ समस्त करों का भुगतान समय पर कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें। ■ नलों में टोटियां अवश्य लगावें, पानी का दुरुपयोग न करें। ■ नगर को साफ एवं स्वच्छ बनायें रखें। कचरा वाहन में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देवें। ■ खुले में शौच न करें और न करने दें। ■ अपने घरों एवं दुकानों का कचरा सड़क एवं नाली में न डालें। जन्म-मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय पर अवश्य करावें। ■ देश के समस्त स्वतंत्रता सेनानियों को आजादी के महापर्व में अपने प्राण की आहूति देने वाले समस्त शहीदों को नमन है।

श्रीमती अंजना बृजेश बंसल
अध्यक्ष, नगर परिषद, कैलारस जिला मुरैना

श्रीमती सीमा अशोक राणावत
उपाध्यक्ष, नगर परिषद, कैलारस जिला मुरैना

रमाशंकर शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी
एवं समस्त पार्षदगण नगर परिषद, कैलारस जिला मुरैना

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदीप राय
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास, मुरैना

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल पाठक
जिला शिक्षा अधिकारी, मुरैना

सभी नगर एवं ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अपील ■ समस्त करों का भुगतान समय पर कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें। ■ नलों में टोटियां अवश्य लगावें, पानी का दुरुपयोग न करें। ■ नगर को साफ एवं स्वच्छ बनायें रखें। कचरा वाहन में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देवें। ■ खुले में शौच न करें और न करने दें। ■ अपने घरों एवं दुकानों का कचरा सड़क एवं नाली में न डालें। जन्म-मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय पर अवश्य करावें। ■ देश के समस्त स्वतंत्रता सेनानियों को आजादी के महापर्व में अपने प्राण की आहूति देने वाले समस्त शहीदों को नमन है।

श्रीमती मनीषा बल्ली सोनी
अध्यक्ष, नगर परिषद, झुण्डपुरा, जिला मुरैना

श्री यशकान्त शर्मा (गुड्डू)
उपाध्यक्ष नगर परिषद, झुण्डपुरा जिला मुरैना

वीरेन्द्र रावत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी
एवं समस्त पार्षदगण नगर परिषद, झुण्डपुरा जिला मुरैना

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।